यह पलड़ा कौन झुकाया ॥ ७

४४—आरती महावीर स्वामी

(तर्ज जय जगदीश हरे)

जय सन्मति देवा प्रभु जय सन्मति देवा।
वीर महा अति वीर प्रभु जी, वर्द्धमान देवा॥ टेक

त्रिशलापुर अवतार लिया प्रभु सुर नर हरषाये।
पन्द्रह मास रतन कुण्डलपुर धनपति बरषाये॥ १

शुकल त्रयोदशी चैत मास की आनन्द करतारी।
राय सिद्धारथ घर जन्मोत्सव ठाठ रचे भारी॥ २

तीस वर्ष लों रहे गृह में बाल ब्रह्मचारी।
राज त्याग कर भर जोबन में मुनि दीक्षा धारी॥ ३

द्वादश वर्ष किया तप दुद्धर विधि चकचूर किया।
झलके लोकालोक ज्ञान में सुख भरपूर लिया॥ ४

कातिक श्याम अमावस के दिन जाकर मोक्ष बसे।
पर्व दिवाली चला तभी से घर २ दीप चसे॥ ५

वीतराग सर्वज्ञ हितैषी शिव मग प्रकाशी।
हर्ता हर ब्रह्मा नाथ तुम्ही हो जय २ अविनाशी॥ ६

दीन दयाला जग प्रतिपाला, सुर नर नाथ जजैं।
सुमरत विघ्न टरैं इक छिन में पातक दूर भजैं॥ ७

चार भील चाण्डाल उभारे, भव दुख हरण तुही।
पतित जान शिवराम उभारो हे जिन शरण गही॥ ८

❀ हमारे यहां की पुस्तकें ❀

१—शिवराम पुष्पांजली अङ्क १ (शिवराम भजन संग्रह प्रथम भाग) मूल्य दो आने।

२—शिवराम पुष्पांजली अङ्क २ (वीर पुष्पांजली) इस में वीर भक्ति के उत्तमोत्तम जोशीले भजन हैं। प्रथमावृत्ति समाप्त हो चुकी है सिर्फ चन्द प्रतियें बाक़ी हैं। दूसरी बार और अधिक मनोहर भजन बढाकर दुगने पृष्ठोंमें शीघ्र छपवानेका विचार है।

३—शिवराम पुष्पांजली अङ्क ३ इसमें जाति सुधार और धर्मप्रचार के उत्तमोत्तम नये जोशीले भजन हैं। टाइप व काग़ज़ बहुत सुन्दर। मूल्य =)॥

४—शिवराम पुष्पांजली अङ्क ४ भी शीघ्र प्रकाशित करनेका विचार है।

५—बाल शिक्षा—इसमें बालकों को कण्ठस्थ कराने योग्य उनके सदाचार और दिनचर्या सम्बन्धी शिक्षाप्रद सरल कविताएं हैं तथा प्रातःकाल की प्रार्थना भी सम्मिलित करदी गई है। प्रत्येक पाठशाला की प्रारम्भिक कक्षा में इस पुस्तक को कोर्स रूप रक्खा जाना बहुत उपयोगी है। थोड़ी सी प्रतियां बाक़ी हैं। मूल्य केवल एक आना

नोट—इकट्ठी पुस्तकें लेनेवालों को २५) रु० सैंकड़ा कमीशन दिया जायगा। धर्मार्थ बांटनेवालों को विशेष कमीशन मिलेगा।

२—थोड़ी पुस्तकें मंगानेवालों को टिकट भेजने चाहियें क्योंकि वी० पी० भेजने में बहुत खर्च आता है।

निवेदक—

मास्टर शिवरामसिंह

मैनेजर जैन वाचनालय, मोहल्ला सराय,

रोहतक (पंजाब)

शिवराम पुष्पांजलि

अङ्क २

अर्थात

वीर पुष्पांजलि

का—रूपांतर

सम्पादक व प्रकाशक:—

मास्टर शिवराम सिंह जैन

शिक्षा प्रचारक—रोहतक

द्वितीयावृत्ति १००० | वीर निर्वाण संवत २४५९ ई० सन १९३२ | मूल्य ढाई आना

भट्टावर प्रेस ईश्वरभवन, खारी बावड़ी देहली।

* वन्दे वीरम् *

शिवराम पुष्पाञ्जली

अंक ९

१—वीर शरण

तर्ज—न छेड़ो हमें हम सताये हुये हैं

शरण वीर तेरी हम आये हुये हैं।

शीस तेरे चरणों में नाये हुये हैं ॥ टेक ॥

कहीं भी जगत में न सुख हमने पाया।

करम वैरी के हम सताये हुये हैं ॥ १

नहीं पर को जाना न आपा पिछाना।

नशा मोह अनादि पिलाये हुये हैं ॥ २

तेरे नाम नामी को सुनकर के स्वामी।

हम अर्जी को अपनी ये लाये हुये हैं ॥ ३

है 'शिव' पद हमारा सो मिल जाये हम को।

इसी वर की आशा लगाये हुये हैं ॥ ४

२—प्रार्थना ग़ज़ल

हे नाथ मुझ पे अब तो इतनी ज़रा दया कर ।
जीवन सफल हो मेरा ऐसो प्रभो कृपा कर ॥ टेक ॥

अकलंक वीर ज्ञानी मुझ को बनादो स्वामी ।
पाखंड को हटा दूं तेरा धरम सुना कर ॥ १ ॥

निकलंक सा बहादुर बन जाऊं मैं भगवन ।
अपने को मैं मिटा दूं अपने धरम की खातिर ॥ २ ॥

सुदर्शन सा ब्रह्मचारी होकर गृहस्थाचारी ।
अपना नियम निभादूं सुख सम्पदा गवां कर ॥ ३ ॥

बन कर के राम लक्ष्मण युधिष्ठिर व भीम अर्जुन ।
कर्त्तव्य. मैं बता दूं आदर्श को दिखा कर ॥ ४ ॥

बनकर तिलक वो गांधी हरूं दुःख देश का भी ।
आज़ाद मैं करा दूं भारत को मन लगा कर ॥ ५ ॥

गोपाल सा हो पंडित स्याद्वाद शस्त्र मंडित ।
गज बाद को भगादूं सिंह नाद मैं बजाकर ॥ ६ ॥

डूबी धरम की नैया उसका बनूं खवैया ।
मैं पार अब लगा दूं आतम बली लगाकर ॥ ७ ॥

जैन धर्म को जो खोकर खाते हैं जग में ठोकर ।
"शिव" राह में दिखादूं दिया ज्ञान का जला कर ॥ ८ ॥

३—पुकार

तर्ज—मेरे शम्भू तू काशी बुलाले मुझे

नैया पार हमारी लंघादो प्रभू ।

डूबी जाती है इस को बचा दो प्रभू ॥ टेक ॥

बीच मझधार पड़ी आन हमारी नैया,

कौन है तेरे सिवा जो कि बने खेवैया,

अपनी कृपा का बांस लगादो प्रभू ॥१॥ नैया पार०

ज्ञान धन मेरा हरा आये कषाये तस्कर,

मोह मिथ्यात की जन्जीर से बांधा कसकर,

अब तो कर्मों का फंद छुड़ादो प्रभू ॥२॥ नैया पार०

चोर चाण्डाल अधम तुमने उतारे शूकर,

नवल गज सिंह कपि और उभारे कूकर,

विपता आज हमारी हटा दो प्रभू ॥ ३ ॥ नैया पार०

भव सागर में लगे आवा गमन के चक्कर,

दुःख पर्वत से लगी बार अनन्ती टक्कर,

भूले 'शिव' पुर मार्ग बना दो प्रभू ॥४॥ नैया पार०

४—मनोकामना सोहनी

तर्ज हे दयामय हम सभों को शुद्धताई दीजिये

भारत के दिन भगवान फिर वे लौटकर कब आयेंगे

जैन के झंडे जगत में हर जगह लहरायेंगे ॥ टेक ॥

भेंट कुर्बानी पशूवध दूर हों सब देश से ।

इक अहिंसा धर्म ही का जब कि नाद बजायेंगे ॥ १ ॥
सैकड़ों मुनियों का वह कब संघ विचरे देश में ।
धर्म सुन एक दम में लाखों जैन यहाँ बन जायेंगे ॥ २ ॥
भील तस्कर से अधम जन छोड़ देंगे दुष्टता ।
सिंह और हस्ती पशू भी धर्म श्रद्धा लायेंगे ॥ ३ ॥
दृढ़ प्रतिज्ञा पर रहें चाहे जान भी जाती रहे ।
यम पाल से चांडाल भी अपने नियम को निभायेंगे ॥४॥
छोड़ देंगे पक्ष दिल का सुन के जो तत्वार्थ को ।
विप्र विद्यानन्द स्वामी जैन दीक्षा पायेंगे ॥ ५ ॥
होंगे वैरागी अचल कब देश में जम्बू कंवर ।
बालपन में सम्पदा सब पाँव से ठुकरायेंगे ॥ ६ ॥
काव्य रचना से हो जिनके जेल के टूटें कुफल ।
कब असहयोगी की शिक्षा मानतुङ्ग सिखायेंगे ॥ ७ ॥
अकलंक और निकलंक से कब बाल ब्रह्मचारी बनें ।
प्राण को कर के निछावर धर्म वीर बचायेंगे ॥ ८ ॥
समन्तभद्राचार्य से विद्वान कब हों देश में ।
चरण में शिव. कोटि राजा जिन के शीश झुकायेंगे ॥ ९ ॥

५—आजा

तर्ज़—नाम ज़िन्दों में लिखा जायेंगे मरते मरते

वीर भगवान तू फिर दर्श दिखादे आजा ।
यह हुआ देश दुखी धर्म सुनादे आजा ॥टेक॥

बे ज़बानों के गले आज हैं चलते खंजर।

फिर दया धर्म का तू डङ्का बजादे आजा ॥१॥

हाय तीर्थों पे हुई अब तो मुक़दमे बाज़ी।

अपने अनुयाइयों की फूट मिटादे आजा ॥२॥

हुई तहज़ीब भी काफ़ूर हमारी अब तो।

फिर वही सभ्यता प्राचीन सिखादे आजा ॥३॥

है पराधीन हुआ आज हमारा भारत।

गैर के हाथ से आज़ाद करादे आजा ॥४॥

जैन का दाइरा अब तंग हुआ है बिल्कुल।

करके तू इसको वसी फिर से दिखादे आजा ॥५॥

जैन के नाम से ही चिढ़ने लगे वे समझे।

द्वेष और पक्ष का तू आग बुझादे आजा ॥६॥

कर रहे गैर हैं अब चारों तरफ़ से हमले।

न्याय तलवार से अब उनको हटादे आजा ॥७॥

छाया पाखंड का अंधेर है सारे जग में।

सूर्य किरने ज्ञान [illegible] बनादे आजा ॥८॥

६—आकाश वाणी

तर्ज़- नाम ज़िन्दों में लिखा जायेंगे मरते मरते

वीर के आने का सामान बनाओ तो सही।

वीर दर्शन का ज़रा पुण्य कमाओ तो सही ॥टेक॥

कौन सी मात है वह कूख में जिसकी आये।

देवी त्रिशला सी कोई मात बताओ तो सही ॥१॥

वीर को चाहते हो फिर से बुलाना गर तुम ।

कोई सिद्धार्थ पिता हमको दिखाओ तो सही ॥२॥

किस जगह जन्म लें वह कौन है ऐसी नगरी ।

कोई कुण्डल पुर सा शहर बसाओ तो सही ॥३॥

वीर उपकार को है तुमने भुलाया बिल्कुल ।

ऐसी कृतघ्नता पै दिल में लजाओ तो सही ॥४॥

देश भारत में नदी खून की बहती हरजा ।

दूध गौओं का वहां पहले बहाओ तो सही ॥५॥

काम हिंसा के तजो वीर बुलाने वालो ।

भेंट कुर्बानी बली यज्ञ हटाओ तो सही ॥६॥

लौट के आते नहीं मुक्ति से कोई 'शिवराम' ।

आप खुद आप कोही वीर बनाओ तो सही ॥७॥

७—वीर बधाई (पंजाबी)

महावीर मेरा प्यारा मैं वारियाँ,

राय सिद्धार्थ दा नंद ।

त्रिशला देवी दी आंखों दा तारा मैं वारियां ॥टेक॥

जद दुनियां में हिंसा बढ़ी सो, दीन पशुआं पै विपदा पड़ी सी,

ज़ालिम लोका नु जुल्म गुज़ारियां ॥१॥ महा०

जिन जानी नहीं जिन बानी, उन ठानी पशू कुरबानी,

घोड़े बकरे हवन बिच डारियां ॥२॥ महा०

दीन पशुआं दा कष्ट हरन नूं, सारे जगदा कल्याण करन नूं,
तब वीर जिनेद्र पधारियां ॥३॥ महा०
तिथि चैत सुतेरस प्यारी, प्रभु जन्मे जगत हितकारी,
कुण्डलपुर में वधाई अपारियां ॥४॥ महा०
तिहूं लोकां में आनन्द छाये, आन भारत दे प्राण बचाये,
बिच देशां दे जय जय कारियां ॥५॥ महा०
'शिव' मार्ग सबां नूं दिखाकर, हिंसा कर्मां नूं दूर हटा कर,
दया धर्म सकल विस्तारियां ॥६॥ महा०

८—वीर जन्मोत्सव ग़ज़ल

महावीर जन्म उत्सव मिलकर मनाओ सारे।
वर्धमान, वीर, सन्मति अति वीर नाम प्यारे ॥टेक॥
होती थी घोर हिंसा ऐसा विकट समय था।
जब धर्म नाम पर ही जाते थे जीव मारे ॥१॥
सद्धर्म छुप गया था फैला था वाम मारग।
जगोद्धार के ही कारण तब वीर जिन पधारे ॥२॥
तिथि चैत शुक्ल तेरस कैसी वह शुभ घड़ी थी।
कुण्डल पुरी के अन्दर उत्सव के ठाठ न्यारे ॥३॥
राये सिद्धार्थ के घर जन्मे जगत के ईश्वर।
त्रिशला के लाल प्यारे आंखों के ये सितारे ॥४॥
प्रभु बाल ब्रह्मचारी यौवन में दिक्षा धारी।
करके कठिन तपस्या चराचर सकल निहारे ॥५॥

डंका बजा दिया था जग में दया धरम का।
पाखंड को हटा कर शिव धाम को सिधारे ॥६॥
स्वामी अगर न आते 'शिव' मार्ग ना दिखाते।
बन जाते पापी सारे ये भारती विचारे ॥७॥

९—वीर स्तवन

तर्ज़—मादरे हिन्द की आंखों का सितारा गांधी

वीर भगवान तेरा आज शरण में आया।
बिनु नहीं तेरे सिवा और है कोई पाया ॥टेक॥
सर्प विकराल बना देव परीक्षा कारण।
देख बल तेरा प्रभू चरणों में है सिर नाया ॥१॥
राय सिद्धार्थ पिता फ़िक्र जो शादी की करी।
आप इन्कार किया राग नहीं मन भाया ॥२॥
बाल ब्रह्मचारी रहे तीस बरस तक घर में।
भर यौवन में मुनि बन के निजातम ध्याया ॥३॥
वर्ष बारह है करी घोर तपस्या बन में।
बहु उपसर्ग सहे ज्ञान है केवल पाया ॥४॥
भूल बैठे थे सभी धर्म करम को अपने।
मोक्ष जाने का प्रभू राह उन्हें दिखलाया ॥५॥
मारे जाते थे यहां धर्म के ही नाम पशू।
हिंसा सब दूर करी धर्म दया बतलाया ॥६॥
धर्म परचार किया तीस बरस तक स्वामी।
करके उद्धार अमन आपने 'शिव' पद पाया ॥७॥

१०—वीर वाणी कव्वाली

वीर वाणी पर हमें विश्वास लाना चाहिये।
हो नहीं सकती ग़लत यह निश्चय लाना चाहिये ॥टेक॥

जो प्रभू सर्वज्ञ हितकर वीतरागी हो चुके।
कैसे दें उपदेश मिथ्या शक हटाना चाहिये ॥१॥

है नहीं उसमें गुज़र कुछ पूर्वापर के विरोध का।
कोई भी तो ग्रन्थ पढ़कर आज़माना चाहिये ॥२॥

एकेन्द्री से पंचेद्री तक हैवान क्या इन्सान क्या।
सबका है कल्याण इसमें ना छुपाना चाहिये ॥३॥

सिंह और हस्ती पशु भी तर गये संसार से।
हां मगर श्रद्धान को दिलमें जमाना चाहिये ॥४॥

इसका खण्डन कर सके जो है भला किसकी मजाल।
स्याद्वादी सिंह के सन्मुख तो आना चाहिये ॥५॥

इसके सबन से है बनता आत्मा परमात्मा।
तत्व है इसके निराला खोज पाना चाहिये ॥६॥

देख कर सिद्धान्त इसके यूरपी हैरान है।
हरबर्ट जैकोबी के लैक्चर देख जाना चाहिये ॥७॥

है यही सच्चा गुरू प्यारा हमारा आज कल।
पक्ष और अभिमान तजकर सर झुकाना चाहिये ॥ ८ ॥

विश्व हितकारी है वाणी बन्द कर रखना नहीं।
हो सके 'शिवराम' तो सब को सुनाना चाहिये ॥ ९ ॥

नोट.—मि हरबर्ट वारन जैन इङ्गलैंड, मि. हमन जे० को० बी० जर्मन

११—वीर भक्तों का कर्तव्य ग़ज़ल क़व्वाली

वीर भक्तों में लिखा दो सबसे पहिले नाम को।
देश सेवा के किसी भी कर दिखादो काम को ॥टेक॥
जाति रक्षा के लिये गर हो ज़रूरत जान की।
है उचित उसके हवाले करदो तन के चाम को ॥ १
बे मौत हाय मर रहे हैं लाखों की तादाद में।
उनकी रक्षा कीजिये सब देके धन और धामको ॥ २
है भला उसका मरण जो कीजिये अपने लिये।
है वोह ज़िन्दा धर्म पे जो दे चुका है प्राण को ॥ ३
वीर के उपदेस का परचार हो अपना मिशन।
धुन यही हरदम रहे अब हर सुबह और शामको ॥ ४
है समय यह कार्य का बातें बनाना छोड़ दो।
नोजवानों का सुना दो जाके इस पैग़ाम को ॥ ५
वीरता अपनी दिखादो वीर के गर भक्त हो
क्यों लजाते हो वृथा तुम अपने जैनी नाम को ॥ ६
देश जाती धर्म सेवा का रहे मेरा परण।
ऐसी बुद्धी दो प्रभू अब दास इस 'शिवराम' को ॥७

१२—वीर स्मरण क़व्वाली

पर्व दीवाली सदा सबको मनाना चाहिये।
वीर के सुमरण को हरगिज़ ना भुलाना चाहिये।टेक॥
है मुबारिक आज का दिन वीर के निर्वाण का।

गौतम गुरू के ज्ञान का गुण ग्राम गाना चाहिये ॥ १
इन्द्र देवों ने करी थी रत्न दीपक रोशनी।
दीप माला चल गया उत्सव मनाना चाहिये ॥ २
यह खिलौने और हटड़ी रह गई झूठी नकल।
समोसरणकी थी यह रचना ख्याल लाना चाहिये ॥ ३
लक्ष्मी जो पूजते हो हर तरह पाखण्ड है।
ज्ञान लक्ष्मी का तुम्हें पूजन रचाना चाहिये ॥ ४
निर्वाण के उत्सव समय पर सर्व जैन समाज को।
हो इकट्ठे भक्ति से लड्डू चढ़ाना चाहिये ॥ ५
फिर सभा कर के भविक जन गाइये विनती भजन।
वीर का जीवन चरित सबको सुनाना चाहिये ॥ ६
वीर के उपकार को भूलो न भाई एक दम
मार्ग 'शिव' बतला गये जो उस पे जाना चाहिये ॥ ७

१३—धर्म प्रचार

तर्ज़—मेरे शम्भू तू काशी बुलाले मुझे

डंका जैन धरम का बजायेंगे हम।
सब को वीर का भक्त बनायेंगे हम ॥ टेक ॥
शेर—एकेन्द्री से पंचेन्द्री तक हैवान क्या इन्सान क्या,
है यही सब के लिये रस्ता परम कल्याण का।
चाण्डाल पापी को बनाता है यही धर्मात्मा,
इसके सेवन से हो बनता आत्मा परमात्मा।

सब को मुक्ती का मार्ग बताएंगे हम १ डंका० ॥

शेर —हैं अनादी जीव पुद्गल धर्माधर्मा काश काल,
स्याद्वादी फ़िलसफ़ा इसका निराला कर्मजाल।
इसका खंडन कर सके जो है भला किसकी मजाल.
इस पर विजय पाई किसीने वहम है झूठा खयाल।
येही सबको चेलेन्ज सुनायेंगे हम डंका० ॥ २

शेर—प्राचीन इसको मानते हैं बाल गङ्गा धर तिलक,
बुद्धि की नहीं शाख है यह तत्व है इसका अलग।
नास्तिकों कायर बनाना पाप है बेजा हतक.
क्षत्रियों का धर्म है यह जैन थे चन्द्र गुप्त।
लाला १ जी को प्रमाण दिखायेंगे हम ॥ डंका० ३

शेर—इस अहिंसा तत्व का संसार में सानी नहीं
सामने इस धर्म के अब सिर झुकाते हैं सभी।
इसके धारण से कभी कायर कोई बनता नहीं.
जो अहिंसा का है पालक वीर सच्चा है वही।
येही शिर राम छाप लगायेंगे हम ॥ डंका० ४

१४—आत्म सम्बोधन

नहीं रे सुन बावल मोर काहे को ध्यादो बिदेश
रे सुन आतम प्यारे सतगुरु का उपदेस ॥ टेक ॥

---

१ लाला लाजपतराय।

काल अनन्ता भ्रमते ही बीता,

भुगत रहे हो क्लेश ॥ १ रे सुन०

छाय रहा मिथ्यात अंधेरो,

भूल रहे हो स्वदेश ॥ २ रे सुन०

ज्ञान नेत्र से मार्ग निहारो,

प्रभु का सुमर सन्देश ॥ ३ रे सुन०

'शिवराम' अपना हित यदि चाहो,

छोड दो राग और द्वेष ॥ ४ रे सुन०

१५—संसार की असारता गज़ल

दुनिया ना पायेदार मे क्या दिल लगाया है।

थोड़ी सी जिन्दगी पे क्यों इतना लुभाया है ॥ टेक ॥

औरों को मरना देख कर करना नहीं खयाल।

गोया हमेशा रहने का पट्टा लिखाया है ॥ १

हो चुके हैं सकड़ों लाखों बलो धनी।

आखिर में उनको कालने आकर दबाया है ॥ २

नेकी बदी मौजूद है दो यारो जहान में।

ज़र है मनुष्य जन्म जो मुश्किलसे पाया है॥३

'शिवराम' लो खरीद कुछ मेला है चन्द रोज़।

फिर बाद में पछताने से क्या हाथ आया है॥४

१६—आत्म हित

तर्ज़—मेरे शम्भू तू काशी बुलाले मुझे

घड़ी दो घड़ी मन्दिर में आया करो,
आकर धर्म कथा सुन जाया करो ।। टेक ।।

काल अनादि से भटक हाय रहे दुनिया में,
जन्म और मरण के दुख भुगत रहे दुनिया में ।
कष्ट नर्क के याद तो लाया करो ।। १ घड़ी०

बड़ी मुश्किल से मिला मनुष जनम ये प्यारो,
भोग विषयों में इसे व्यर्थ न योंही हारो ।
कुछ तो नेक कमाई कमाया करो ।। २ घड़ी०

पूजा जिनवर की करो और गुरू की भक्ति,
नित्य स्वाध्याय करो दान दो यथा हो शक्ति ।
तप संजम में चित्त लगाया करो ।। ३ घड़ी०

वीर शासन पे रहो मित्र सदा तुम कायम,
धर्म साधन के लिये कुछ तो निकालो टाइम ।
'शिवराम' प्रमाद हटाया करो ।। ४ घड़ी०

१७—चेतावनी

चाल—आन बेटा खिलापत पे देदो

जिन चरनन चित्त लगाओ मत जनम ये व्यर्थ गँवाओ । टेक

कोई पूरब पुन्य कमाया तब मानुप जन्म ये पाया ।
अब हाथ सु अवसर आया, यह जीवन सफल बनाओ ।। १

काहे दुनिया के भोगों में रांचे हाय खोये रत्न मय सांचे।
मिथ्यात्व में फंसे माचे कुछ होश जरा अब लाओ ॥२
गुरु देव की भक्ति विसारी, स्वाध्याय तजो हित कारी।
रीतिदान की तुमने विगारी तप संजम क्यों न कमाओ ॥३
तुमने परको है आपा माना नहीं आतमराम पिछाना।
सोचा समझा न अपना विगाना अब भेद विज्ञान जगाओ ॥४
सब जोग मिले सुखदाई कुछ करलो न नेक कमाई।
तुम जैन कहावो भाई 'शिवराम' न नाम लजाओ ॥५

१८—वरदान

चाल यार खुद गर्ज़ जमाना है

मुझे दो बल ऐसा भगवन। टेक
इन्द्रिय ठग और दुष्ट कषाय काम क्रोध अभिमान।
लूट रहे धन ज्ञान इन्हों का मेटूं नाम निशान ॥१
कवच अहिंसा धारण करके छोडूं समता वान।
पास जरा परमाद नआवे दूर भेज दुर्ध्यान ॥२
कितना ही बल क्यों न दिखाये कर्म उदय बलवान।
शक्ति अनंत प्रगट कर अपनी जीतूं मोह महान ॥ ३
राग द्वेष का खोज मिटा दूं लेकर ज्ञान कृपाण।
आतम कोष संभालू अपना दृग सुख बीरज ज्ञान ॥४
पाय स्वराज्य अचल अविनाशी मुक्त पुरी निजथान।
होय सुखी 'शिवराम' करूं नित शांति सुधा रसपान। ५

१९—कन्या प्रार्थना

चाल—यूं जुल्म कर न ज़ालिम तुझको करम के बदले

भगवन मुझे सुशीला विद्यावती बनाना।
दोनों कुलों की शोभा लज्जावती बनाना॥
बनवास में पती का जिसने न साथ छोड़ा।
सत शील की विधाता सीता सती बनाना॥
कुष्टी पती को पाकर सेवा से मुंह न मोड़ा।
वह धर्म कर्म ज्ञाता मैना सती बनाना॥
छोड़ा न शील हरगिज संकट सहे हजारों।
वह मनोरमा सुभद्रा अञ्जना सती बनाना॥
'शिवराम' भेष धर कर क्षुल्लक करी परीक्षा।
सम्यक्त्व से डिगी न वह रेवती बनाना॥

२०—वीर स्तवन

जय बोलो जय बोलो श्री वीर प्रभू की जय बोलो ॥टेक
जब दुनियां में जुल्म बढ़ा था हिंसाका यहां जोर बड़ा था।
आप लिया अवतार प्रभू की जय बोलो ॥१
पुण्य उदय भारत का आया कुण्डलपुर में आनन्द छाया।
हो रहा जय जय कार प्रभू की जय बोलो ॥ २
राय सिद्धारथ राजदुलारे त्रिशला की आंखों के तारे।
तीन लोक मनहार प्रभू की जय बोलो ॥३
भर जोबन में दीक्षा धारी राजपाट को ठोकर मारी।

करो तपस्या सार प्रभू की जय बोलो ॥४

तपकर केवल ज्ञान उपाया जग का सब अन्धेर मिटाया।

कीना धर्म प्रचार प्रभू की जय बोलो ॥५

पशु हिंसा को दूर हटाया सब को 'शिव' मारग दरशाया।

किया जगत उद्धार प्रभू की जय बोलो ॥६

२१—उत्सव गायन

होवे जय जय कार ३ श्री जी के द्वार ॥ टेक

सब जन आवो सिर को झुकावो मिलगुन गावो भावना भावो,

सफल होवे यह उत्सव हमारा करें सद्धर्म प्रचार । १

द्वेष मिटावें प्रेम बढावें खर्च घटावें फैशन उड़ावें,

करें विद्या का जग में उजारा होवे समाज सुधार । २

हिंसा को टालें सत्य सम्हालें शील को पालें नीति पे चालें,

भोजन वस्त्र हो शुद्ध हमारा, करें स्वदेश उद्धार । ३

सुखी हो सारा देश हमारा भारत प्यारा सब संसारा,

फैले जैन धर्म हितकारा 'शिवराम' घर घर द्वार । ४

२२—झंडा

चालः—विजयी विश्व तिरंगा प्यारा

प्राणी मात्र का रक्षक प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा—टेक

प्रेम भाव दर्शाने वाला शांतिसुधा बरसाने वाला ।

जग जन को हरषाने वाला धर्म अहिंसा सब सुखकारा ॥ १

सभ्यता पाठ पढ़ाने वाला सेवा धर्म सिखाने वाला ।

सच्चा वीर बनाने वाला जिनमत सार जगत हितकारा ॥ २

आओ वीर सभी मिल आओ वीर पताका यह लहराओ ।

शान वह पहिली फिर दिखलाओ ऊँचा मस्तक रहे हमारा ॥३

वीर भक्त कहाने वालो अपना अब कर्तव्य संभालो ।

देश धर्म की लाज रखालो करदो अर्पण तन मन सारा ॥ ४

इस झंडे को शीस झुकाओ वीर प्रभु के मिल गुन गाओ ।

झंडा यह घर घर लहरावो 'शिव' मारग दरशावन हारा ॥ ५

२३—युवक सम्बोधन

चालः—रघुवर कौशिल्या के लाल मुनी का यज्ञ रचाने वाले

तुम सुनो हो जैन कुमार क्यों नहीं जोश दिलों में लाते । टेक

नहीं रहा जैन का राज हैं कहां श्री मुनिराज ।

नहीं दिखते पंडित आज जो कि अहिन्सा धर्म बढ़ाते ॥ १

टुक लखो जैन की ओर करो दशा पै उसको गोर ।

क्यों न मचाय सभा का शोर देश को वेग जगाते ॥ २

अपनी जाति पड़ी मँझधार वाका कौन करै उद्धार ।

तुमको जरा न सोच विचार वेह सभों के आगे जाते ॥ ३

कैसा छाय रहा परमाद इसने तुम्हें किया बरबाद ।

करके पिछली हालत याद क्यों नहीं दिल में टुक शरमाते ॥४

रक्खो आपस में तुम प्यार करदो विद्या का परचार ।

अपनी करो जीपर उपकार जीवन सफल किया जो चाहते । ५

अपने सभी बुरे हैं काम हमने किया धर्म बदनाम।
जो सच पूछो तो 'शिवराम' तुम हो जैनी नाम लजाते ॥ ६

२४—चेतावनी

चाल—सरौना काहे भूल आये प्यारे ननदोइया
मेरे प्यारे भाइया धरम काहे छोड़ दिया ॥ टेक ॥

गुरु जन सेवा शास्त्र पठन नित पात्र दान जिन पूजा।
गृहस्थी का कर्त्तव्य यही है और काम नहीं दूजा ॥ १
पहिले तात वचन की खातिर राज तजा श्री राम।
अब है बेटे बाप झगड़ते बीच अदालत आम ॥ २
शास्त्र सभा में निद्रा आवे धरम कथन न सुहावे।
तासरु चौसरु खेल कूद में सारा समय गवांवे ॥ ३
खान पान आचार मिटाया तजा स्वदेशी भेष।
भक्ति भाव औ धर्म कर्म का रहा नहीं लवलेश ॥ ४
देश धर्म औ जाती हितका कोई तो कीजे काम।
मानुप भव औ उत्तम कुलको मुफ्त न खो शिवराम ॥ ५

२५—कन्या विनय

चाल–उसका खुदा भला करे

विद्या बिना हैं मूर्खा शिक्षा दिलादो हे पिता।
यही हमारी प्रार्थना हमको पढ़ा दो हे पिता। १ टेक
उपजे हैं एक ही गर्भ से भाई बहन ये हम सगे।
फिर भेद भाव किस लिये हमको वता दो हे पिता। २

करते हो खर्च तुम रुप्ये बेशक बहुत दहेज में।
विद्या का दान क्या दिया हमको बतादो हे पिता। ३
मत और खर्च कीजिये विद्या का दान दीजिये।
नारी का धर्म कर्म सब हमको सिखा दो हे पिता। ४
राजुल अंजना चन्दना सीता सती मनोरमा।
वो रेवती औ चेलना हमको बनादो हे पिता। ५
हो जावें हम सरोजनी सत्यवती या पार्वती।
'शिवराम' देश भक्ति का पाठ पढ़ा दो हे पिता। ६

२६—देशहित

तुम्हें अब तो चर्खा चलाना पड़ेगा।
कि खद्दर से तन को सजाना पड़ेगा।। टेक
कसरत भी होगी कते सूत घर का।
समय न अकारथ गवाँना पड़ेगा।। १
ये हिंसा के कारण हैं वस्त्र विदेशी।
तुम्हें धर्म अपना निभाना पड़ेगा।। २
दयावान सज्जन न रेशम को छूयें।
उन्हें शुद्ध वस्त्र बनाना पड़ेगा।। ३
ये भूकी हैं मरती जो विधवायें बहिनें।
तुम्हें सूत उनसे कताना पड़ेगा।। ४
है फैशन ने नेशन की करदी तबाही।
तुम्हें शस्त्र खद्दर उठाना पड़ेगा।। ५

ये शिवराम चर्खा है चक्र सुदर्शन।
जरूरत वे इसको घुमाना पड़ेगा ॥ ६

—ः—

२७

चाल—उसका खुदा भला करे

भगवत की शांत मूर्ति का दर्शन सदा किया करो।
ज्ञान वैराग्य का यहां शिक्षण सदा लिया करो ॥ टेक
देखा कहीं है सच कहो ध्यान का फोटो यह अहो।
कैसी है वीतरागता ध्यान जरा दिया करो ॥ १
दुनिया की ऐश छोड़कर भोगों से मुंह को मोड़कर।
स्वानुभ ध्यान है किया ख्याल तो ये किया करो ॥ २
काम और क्रोध को मारकर राग और द्वेष को टालकर ।
जाना है लोका लोक सब वाणी सुधा पिया करो ॥ ३
आदर्श है कल्याण साधन पद निर्वाण का ।
'शिवराम' ज्ञान औ ध्यान का पाठ यहां पढ़ा करो ॥ ४

२८—धर्म प्रचार

चाल प्रभु दीजे दान अपनी हमें भक्ती का

कीजे सत्य विचार मिल के सभी तुम भाइयो ॥ टेक
यहां फैले पाखंड भारी, हुये पंथ सैंकड़ों जारी।
कि जिनका बार न पार । मेरे भाइयो ॥ १
कोई हिंसा में धर्म बतावे, कोई प्यारा है खसम सुनावे।

बढ़ा जाता व्यभिचार—मेरे भाइयो ॥ २
कोई कुगुरु कुदेव को माने, नहिं दया धर्म को जाने।
भटकता है संसार —मेरे भाइयो ॥ ३
कोई गंगा मे मुक्ति बताने, और मुर्दों का श्राद्ध कराते।
हुवा अज्ञान प्रचार —मेरे भाइयो ॥ ४
अब पक्षपात को छोड़ो, सतधर्म मे नेहा जोड़ो।
जगत में जितमत सार मेरे भाइयो ॥ ५
यदि आतम हित तुम चाहो, तो शरण जैन की आवो।
कहे शिवराम पुकार मेरे भाइयो ॥ ६

२९—भजन संस्कार

चाल · कव्वाली

जैन संस्कार का उत्सव सदा शुभ हो सदा शुभ हो।
घड़ी धन आजका अवसर सदा शुभ हो सदा शुभ हो ॥ टेक
श्री अरहंत सिद्ध साधु धर्म मंगल जगत उत्तम।
हमें इन चार का शरणा सदा शुभ हो सदा शुभ हो ॥ १
हुवा गुरु देव का पूजन हवन विधि जैन सुखकारी।
श्री जिन धर्म की श्रद्धा सदा शुभ हो सदा शुभ हो ॥ २
जहां इनका भजन पूजन वहां दुख का कहां दर्शन।
नष्ट होवे विघ्न बाधा सदा शुभ हो सदा शुभ हो ॥ ३
रहे सुख शांति इस घर में बढ़े परिवार धन सम्पत।
दुआ शिवराम की दिल मे सदा शुभ हो सदा शुभ हो ॥ ४

३०—कषाय निषेध

चाल— (यार खुद गर्ज जमाना है)

तजो तुम दुष्ट कषाये चार ॥ टेक

क्रोध कषाय करो ना प्यारे यासों होय बिगार।
तन नाशे अपयश करे ये बैरी हो संसार। तजो० ॥ १

मान जगत में बुरा है प्यारे नशे मान से मान।
जो तुम चाहो मान को प्यारे मान तजो मतिमान। तजो०२

माया बिश की बेलड़ी यह उपजत यासे त्रास।
पशु गति दायक दुष्टनी ये नष्ट करे विश्राम। तजो० ॥ ३

लोभ दुखों का मूल है प्यारे कहा पाप का बाप।
दुर्गति का कारण येही है त्याग मिटे संताप। तजो० ॥ ४

चारों कषाये जीव को प्यारे देते कष्ट महान।
इनको त्यागो सर्वथा जो तुम चाहो गर 'शिव' थान। तजो०५

३१—खेद

चाल गजल

हाय लुटा रहे हैं माला मकान अपना, धन धर्म खो रहे हैं
भाई तमाम अपना ॥ टेक ॥

ऐ लक्ष्मी सपूतो जरा चेत करके देखो।
हाय मिटा है जाता नामो निशान अपना ॥ १

अपनी थी कैसी इज्जत हुई आज कैसी जिल्लत।
निन्दक हुआ है अब तो हर खासो आम अपना ॥ २

हा स्वार्थ लोभ में हम फंस कर हुए हैं अन्धे।

पैसों में बेच डाला धर्मो इमान अपना ॥ ३
वह मान्यता तुम्हारी सुखानन्द सी कहां है।
अब जी हजूरों में ही बाकी है नाम अपना ॥ ४
है वह कहाँ तिजारत मित्रो जहाज़ अपने।
चल कर हमें दिखा दो व्यापार धाम अपना ॥ ५
अब मुल्क में तुम्हारे कितने हैं कार खाने।
मुहताज गैरों के अब ढकने को चाम अपना ॥ ६
तज कर कुरीतियां सद विद्या प्रचार कीजे।
इस ही में अब लगादो तन धन तमाम अपना ७
शिवराम स्वार्थ तज दो कुछ कौम की खबर लो।
बिन जाति सेवा के ये जीवन हराम अपना ॥ ८

३२—सत्यार्थ देव

चाल—कव्वाली

कर कल्याण जीवों का वही इक देव सच्चा है,
बतावे मोक्ष का रस्ता वही इक देव सच्चा है-टेक
जो हो सर्वज्ञ हितकारी धर्म उपदेश का दाता,
अठारा दोष वर्जित हो वही इक देव सच्चा है ॥ १
सदानन्द शिवस्वरूपी हो न जग धंधों से कुछ मतलब,
न कर्त्ता हो न हर्त्ता हो वही इक देव सच्चा है ॥ २
नहीं अवतार धरता हो नहीं घट घट का व्यापी हो,
मगर घट घट का ज्ञाता हो वही इक देव सच्चा है ॥ ३

जो गुण सागर अतुल महिमा निरंजन निर्विकारी हो,
उसे पूजो उसे ध्यावो वही इक देव सच्चा है ॥ ४
कहो अरहन्त जिन उसको खुदा परमात्मा ईश्वर,
कहो शिव राम गौड़ उसको वही इक देव सच्चा है ॥ ५

३३—सत्यार्थ गुरु कव्वाली

करे नित ध्यान आतम का वही इक साधु सच्चा है।
जो दे उपदेश आतम का वही इक साधु सच्चा है ॥ टेक ॥
महा व्रत पंच को धारे समिति पांचों को जो पाले।
करी वश इन्द्रियां सारी वही इक साधु सच्चा है ॥
बिषय आशा नहीं जिनके न कुछ आरम्भ से मतलब।
हो ज्ञान और ध्यान का धारी वही इक साधु सच्चा है ॥ १
जो कंचन कांच सम जाने अरी अरु मित्र इक माने।
तजे रागादि दुखकारी वही इक साधु सच्चा है ॥ २
जो ग्रीषम में तपे गिर पर जो पावस वृक्ष के नीचे।
शीत सागर के कंठारी वहां वही इक साधु सच्चा है ॥ ३
धर्म दश लाक्षणी धारे विचारे भावना बारह।
परीषह जो सहे भारी वही इक साधु सच्चा है ॥ ४
उसी को सतगुरु मानो उसी का ध्यान उर आनो।
उसी की भक्ति 'शिव' कारी वही इक साधु सच्चा है ॥ ५

३४—सत्यार्थ धर्म क़व्वाली

दया परधान हो जिसमें वही इक धर्म सच्चा है।
स्वपर विज्ञान हो जिसमें वही इक धर्म सच्चा है ।। टेक
इकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय तक करो षट काय की रक्षा।
यह आज्ञा जिसकी है भाई वही इक धर्म सच्चा है ।। १
कुमारग का करे खण्डन बतावें मोक्ष का रस्ता।
कहा है आप्त ने जिसको वही इक धर्म सच्चा है ।। २
कोई वादी प्रतिवादी उलंघन कर नहीं सकता।
हो नय परमाण से साबित वही इक धर्म सच्चा है ।। ३
कहो जिनमत उसे निजमत अहिंसा या कहो सन्मत।
वह है परधान षटमत में वही इक धर्म सच्चा है ।। ४
वही सत शास्त्र है जिसमें हो ऐसे धर्म का वर्णन।
उसे 'शिवराम' उर धारो वही बस धर्म सच्चा है ।। ५

३५—राजुल विनय दादरा

कहीं देखे हमारे हैं नेमी पिया। टेक
पशु पुकार सुनी जब प्रभु ने तोरन से रथ फेर लिया। १
नेमी पिया की पहिचान यही है गिरनारी पे जाके जोग लिया। २
नौ भव राखो शर्ण प्रभु तुमने दश में काहे बिसार दिया। ३
हाथ जोड़ सेवक यों बिनवे 'शिव' देवी कंवर का मैं शरण लिया। ४

३६—राजुल विनय

चाल—मैं वन खण्ड को जाऊं मेरी माता

गढ गिरनारी पे जाऊं मेरी माता ॥ टेक

पंच महाव्रत अब मैं धरूंगी यही मन मेरे भानारी माता । १
मिलो मुझसे तुम संगकी सहेली नेमी विन कछु ना सुहाता री माता । २
लाख कहो मैं तो एक न मानूं करूंगी संजम नाना री माता । ३
मैं उग्र २ करूं तप भारी कर्म हरूं दुख दातारी माता । ४
नेमी शरण 'शिवराम' गही अब वोही ता हैं सुख दातारी माता । ५

३७—पाठशालाओं का स्वागत गायन

※ गज़ल ※

आओ विद्यार्थियो सब धन्यवाद आज गायें ।
अपने हितैषियों का आशीर्वाद पायें ॥ टेक ॥
धन आज का दिवस है धन आज शुभ घड़ी है ।
श्री मान हैं पधारे फूले न हम समायें ॥ १
हो आपका ये साया हमको सदा मुवारिक ।
दिया ज्ञान का हो रोशन ये ही दुआ मनाये ॥ २
रहे आपकी इनायत पाठशाला पें हमेशा ।
यह आरजू हमारी तरक्की इसे दिलायें ॥ ३
धन है उन्हीं का जीवन दौलत सफल है उनकी ।
विद्या प्रचार आदी कामों में जो लगायें ॥ ४
विद्या समान जग में नहिं दान और प्यारो ।
जिसका प्रकाश करके अज्ञान तम हटाये ॥ ५

विद्या के जो हितैषी फूलें फलें सदा वो।
रुतबा बलन्द होवे 'शिवराम' दिल से चाहें॥ ६

३८—जाति दुर्भाग्य-ग़ज़ल

न जाने जैन कौम की क्या होनहार है!
चारों तरफ से हो रही कर्मों की मार है॥ टेक॥
जो कौम थी इस देश में सब से बढ़ी चढ़ी।
हा आज मुरदा जाति में उसका शुमार है॥ १
चौदा घटे तेरा रहे तेरा भी घट चले।
दोसौ बरस में खातमा हा ये तैयार है॥ २
लीडर प्रीडर होगये इस क़ौम में निराश।
उनके दिलों पै होगई नफ़रत सवार है॥ ३
कल शौक से खड़ा हुआ सेवा के वास्ते।
वह आज शक्ले कौम से हुआ बेज़ार है॥ ४
कृतघ्नता को छोड़ कर उपकार की क़दर।
जो जीते रहने का तेरा कुछ भी विचार है॥ ५
'शिवराम' स्वार्थ में पड़ क्यों मुर्दा बन रहे।
जिन्दा है वोह जो क़ौम पे हुआ निसार है॥ ६

३९.—रक्षा बंधन चाल दादरा

प्रति वर्ष सलोनो मनाया करो जी। टेक
जैन धर्म का पर्व ये उत्तमसब ही को तो याद दिलाया करोजी॥ १

विष्णुकुमार महा मुनिवर के तप का महातम जताया करोजो।
आदर्श लेकर विष्णु मुनि का आपस में प्रेम बढ़ाया करोजो ॥ २
रक्षा करी मुनि सात शतक की रक्षा बंधनको सब ही बंधाया करोजो।
पात्र दान में धन को लगाओ गुरुओं का पूजन रचाया करोजो ॥ ३
सन्ध्या समय 'शिवराम' सभा कर कथा को उसकी सुनाया करोजो।

४०—उपदेशक

चाल—यार खुद गर्ज जमाना है।

धर्म बिन कौन करे उद्धार ॥ टेक

धर्म प्रभाव से मिली है मित्रो सुख सम्पति भण्डार
रोग रहित यह नर तन पाया, उत्तम कुल अवतार ॥ १
ज्ञान ध्यान का अवसर पाया, दुर्लभ जो संसार।
भाग्य उदय से मिला है मित्रो, जैनधर्म हितकार ॥ २
बीज राख फल भोगत प्यारे ज्यों किसान जग मांहि।
तैसे भोगो भोग उचित तुम धर्म बिसारो नांहि ॥ ३
देव गुरु श्रुत भक्ति करो नित दया धर्म चितधार,
दान सुपात्रनि को नित दीजे कीजे पर-उपकार ॥ ४
जल में थल में वन में रण में पड़े जो संकट आन।
धर्महि रक्षक होत तहां पर धर्म करो "शिव" धान ॥ ५

४१—स्तुति

चाल—सुनो २ मित्रो हम नाटक दिखायें।

प्रभु थारे चरणों में सिर को झुकाऊं ॥
आहा दर्शन मिला, सब पातक हटा।

बलिहारी मैं जाऊं, मैं तुम गुण को गाऊं ॥ टेक ॥ १ ॥

तुमसा न कोई सुदेव जग में, है हे जिनेश्वर कल्याणकारी।

तारण तरण हो तुम ही शरण हो,

थारी महिमा मैं कैसे गाकर सुनाऊं ॥ १ ॥

चोर भील अरु पापी अधम जन पक्षी पशु हैं तुमने उभारे।

तुम पै जो आये, सब दुख नशाये,

त्याग प्रभु तुमको शरण किसकी जाऊं॥२॥

'शिवराम' तेरा चरण का चेरा करता है विनती सुन लीजे इतनी।

आवा-गमन से जामन मरण से,

कृपा ऐसो कीजे, छुटकारा मैं पाऊं ॥ ३ ॥

४२—कर्म वैचित्र्य

चाल—हाय बड़ी मुश्किल से कटती है रात।

हाय सारे फैला कर्म का है जाल, ज़रा देखोजी करके खयाल ॥ टेक ॥

सुर नर सारे या से हैं हारे, ऊर्ध्व लोक जी मध्य पताल ॥

हाहा तिहुं जग कीने बेहाल, हाय सारे० ॥ १ ॥

अञ्जना सीता का दुख दीना, सागर में डाले श्रीपाल।

हा हा कष्ट सहा सुकुमाल, हाय सारे ॥ २ ॥

कहाँ पै जाऊं किसको सुनाऊं, विपता का अपना जी हाल।

हा हा टेढ़ी करम की ये चाल, हाय सारे ॥३॥

'शिवराम' तेरा चरणनि चेरा—जिनेश्वर तू दीनदयाल।

हा हा संकट से मोको निकाल—हाय सारे ॥४॥

४३—स्तुति

चाल—तू हितकारी नाथ जगत का महिमा तेरी अपरम्पार।

हे वृषमेश्वर चन्द्र जिनेश्वर शान्ति महेश्वर चक्रेश्वर।
वीर जिनन्दा आनन्दकन्दा तोड़ भवफन्दा परमेश्वर॥ टेक
हम हैं सारे चरण मझारे भक्त तुम्हारे तीर्थेश्वर।
करुणाधारी पूरो सारी आश हमारी जगदीश्वर॥ १

महिमा अपार है तुमः नाम सार है,
कल्याणकार है सबको अधार है।
हम पर दया धरो आनन्द सुख भरो,
'शिवराम' दुख हरो इतनी कृपा करो॥ २

४४—भजन

नाम जिन्दां में—गांधी गुणानुवाद

देश भारत था यह सोता हां जगाया तूने।
आबरू धर्म को खोता था बचाया तूने॥ टेक॥
देश हित के लिये तन धन को किया है अर्पण।
पहिले ही आपको आदर्श बनाया तूने॥ १॥
तप व संयम में तेरे आज नहीं सानी।
गांधी अवतार हुये नाम ये पाया तूने॥ २॥
जाके अफरीका में सह सह के हज़ारों संकट।
भारती भाइयों का कष्ट हटाया तूने॥ ३॥
हिन्द का हाल जब ज्यादा बिगड़ता देखा।

शस्त्र सत्याग्रह का आप उठाया तूने ॥ ४ ॥
शान्ती का पहन कवच हाथ अहिंसा झंडा।
ले असहयोग खड्ग युद्ध मचाया तूने ॥ ५ ॥
तोप तकले को बना चक्र सुदर्शन चरखा।
मानचेस्टर किले का कोट गिराया तूने ॥६॥
अब सुना चाहते 'शिवराम' विजय का डंका।
सोता स्वाधीनता को छिन में छिड़ाया तू ने ॥७॥

४५—भावना

रात दिन है भावना सारा सुखी संसार हो।
जिन धर्म का परचार हो सब जीवों का उद्धार हो ॥ टेक ॥
हो न हिंसा रंच भर अरु सत्य का व्यवहार हो।
चोरी जारी हो नहीं संतोष शील अपार हो ॥ १ ॥
त्याग दें सब क्रोध को नहिं मान अश्व सवार हो।
नहिं छल का अब व्यापार हो ना लोभ भी दुखकार हो ॥२॥
जितने जग के जीव हैं सब में सभी का प्यार हो।
गुणिजनों को देखकर हिये में हर्ष अपार हो ॥ ३ ॥
दुःखि जनों को देखकर चित्त में दया सञ्चार हो।
दुष्टो पापी जीव मे माध्यस्थ भाव विचार हो । ४ ॥
देश में बरते कुशल राजा प्रजा हितकार हो।
कहत बीमारी भगे सुख शान्ति का विस्तार हो ॥ ५ ॥
शास्त्र का अभ्यास हो अरु संगति सुखकार हो।
सन्त जन के गुण ग्रहूं प्रिय बैन आत्म विचार हो ॥ ६ ॥
'शिवराम' जीवन धन्य हो तुझ से जो पर उपकार हो।
तन से तेरे तप सार हो इस जग में बेड़ा पार हो ॥ ७ ॥

हमारी पुस्तकें

शिवराम पुष्पांजलि अंक १—इसमें जाति सुधार तथा धर्मप्रचार के ४४ जोशीले भजन हैं कागज़ तथा टाइप बड़ा सुन्दर और साफ़ है। मूल्य केवल ≈) मात्र।

शिवराम पुष्पांजलि अंक २—ये पुस्तक पहिले वीर पुष्पांजलि के नाम से प्रकाशित हुई थी, जो बहुत ही शीघ्र हाथों हाथ उठजाने और ग्राहकों की अधिक मांग होने से पुनः प्रकाशित की गई है। इसमें पहिले की अपेक्षा करीब तिगुने भजन हैं बड़े उत्तम और चित्ताकर्षक हैं। मूल्यमात्र ढाई आने।

शिवराम पुष्पांजलि अंक ३—इसमें नई तर्ज़पर धर्मप्रचार जाति सुधार, तथा खद्दर आदि स्वदेश प्रेम के भी उत्तमोत्तम भजन छपे हैं, कागज़ टाईप आदि सर्वोत्तम हैं। मूल्य ≈)॥ मात्र।

शिवराम पुष्पांजलि अंक ४—भी शीघ्र छपकर भजन प्रेमियों को आनंद प्रदान करेगा।

मुनिसंघ भजनावली—जिसमें आचार्य श्री शांतिसागरजी तथा मुनिसंघ सम्बन्धी उत्तमोत्तम भजन प्रकाशित हुये हैं, केवल कुछ प्रतियां ही बाकी रहगई हैं। मूल्य आधआना।

नोट—इकट्ठी पुस्तकें मंगाने वालों को उचित कमीशन दिया जावेगा थोड़ी पुस्तकें मंगाने वालों को टिकट भेजना चाहिये। क्योंकि वी. पी. से भेजने में बहुत खर्च आता है। इसलिये कई बार आर्डर की आज्ञा का पालन करने में उपेक्षा करनी पड़ती है।

निवेदक

पुस्तक मिलने का ठिकाना — **मास्टर शिवरामसिंह जैन**

शिक्षाप्रचारक (रोहतक)

परमेष्ठि पद्यावली

लेखक—

परमेष्ठीदास जैन न्यायतीर्थ

शि

शि

शिव

शिव

मुनि

नोट -

नक्

परमेष्ठिनेनमः

परमेष्ठि पद्यावली

लेखक—

पंडित परमेष्ठीदास जैन न्यायतीर्थ, सूरत।

प्रकाशक—

जौहरीमल जैन सर्राफ

दरीबा कलाँ, देहली।

प्रथमवार १००० | सन् १९३४ वीर निर्वाण संवत् २४६० | मूल्य =)

गयादत्त प्रेस, बाग दिवार देहली में छपा।

नम्र निवेदन !

यह बात सूर्य के प्रकाश जैसी सत्य है कि न तो मैं कोई कवि हूं और न कविता करने का मुझे ज्ञान ही है। फिर भी विद्यार्थी अवस्था में और उसके बाद भी कभी कभी प्रसंग वश जो तुकबन्दियां किया करता था उन्हीं का कुछ संग्रह आज आपके सामने रखा है। इस 'पद्यावली' में पद्य की दृष्टि से अनेक भूलें होंगी. उनकी चिन्ता न करके मैंने तो मात्र अपने हृदयगत भावों की ही तुकबन्दी कर डाली है। इसलिए मैं क्षम्य हूं!

मुझे विश्वास है कि युवक वर्ग इस 'पद्यावली' से लाभ उठायगा। वीरजयन्ती, रक्षाबंधन, दीपावली, होली, पर्युषण पर्व तथा अन्य सामाजिक, धार्मिक एवं राष्ट्रीय अवसरों पर इसके प्रासंगिक पद्यों का उपयोग हो सकेगा। इसमें कुछ क्रियोपयोगी पद्य भी हैं। श्रीमान् लाला जौहरीमल जी सर्राफ का मैं आभारी हूं कि जिनके प्रयास से यह 'पद्यावली' प्रगट हो रही है।

चंदावाड़ी–सूरत
११–२–३४

परमेष्ठीदास जैन न्यायतीर्थ।

अनुक्रमणिका

परमेष्ठिने नमः ।

परमेष्ठि पद्यावली ।

वीर-विनय ।

वीर प्रभु शीघ्र करो उद्धार ।

महावीर मम झंझरी नैया, अटक रही मझधार ।
पार लगादो नाथ एक बस, तुम ही हो पतवार ।। वीर० ।।

ज्ञान नेत्र मुंद गये पाप का, जमा निविड़ अंधयार ।
हित का मार्ग सूझता नाहीं, कहाँ मोक्ष का द्वार ।। वीर० ।।

हे सन्मति अब सन्मति दीजे, कीजे नहीं अवार ।
करुणानिधि लीजे उतार अब, भव का बोझ अपार ।।वीर० ।।

मैं तो दीन दुखी हूँ स्वामिन, तुम करुणा भंडार ।
इन पापी कर्मों का भगवन्, कैसे हो संहार ।। वीर० ।।

एक वार हस्तावलंब दो, हो जाऊँगा पार ।
हे अतिवीर वीर हो जाऊँगा, लो तनिक सम्हार ।।वीर० ।।

मोक्ष गये हो गये वर्ष हैं, पूरे ढाई हजार ।
वर्द्धमान भगवान "दास" को अब तो कीजे पार ।।वीर० ।।

महावीर का शुभ संदेश !

धर्म वही जो सब जीवों को भव से पार लगाता हो ।
कलह द्वेष मात्सर्य भाव को कोसों दूर भगाता हो ॥
जो सब को स्वतंत्र होने का सच्चा मार्ग बताता हो ।
जिसका आश्रय लेकर प्राणी सुख समृद्धि को पाता हो ॥१॥

जहां वर्ण से सदाचार पर अधिक दिया जाता हो जोर ।
तर जाते हों जिसके कारण यमपालादिक अंजनचोर ॥
जहां जाति का गर्व न होवे और न हो थोथा अभिमान ।
वही धर्म है मनुज मात्रको हो जिसमें अधिकार समान ॥२॥

नर नारी पशु पक्षी का हित जिसमें सोचा जाता हो ।
दीन हीन पतितों को भी जो हर्ष सहित अपनाता हो ॥
सत्य अहिंसक जैन धर्म में यह विशालता होती है ।
किन्तु खेद है जैन जाति निज भान भूलकर सोती है ॥३॥

ऐसे व्यापक जैन धर्म से परिचित करदो सब संसार ।
धर्म अशुद्ध नहीं होता है खुला रहे यदि सबको द्वार ॥
धर्म पतित पावन है अपना निश दिन ऐसा गाते हो ।
है लेकिन आश्चर्य आप फिर क्यों इतने सकुचाते हो ॥४॥

प्रेम भाव जग में फैलादो करो सत्य का नित व्यवहार ।
दुरभिमान को त्याग अहिंसक बनो यही जीवन का सार ॥
तंगदिली को त्याग धर्म अपना फैलादो देश बिदेश ।
"दास" ध्यान देना इस पर यह महावीर का शुभसंदेश ॥५॥

महावीर-जयन्ती ।

जब चौतरफा भूमंडल में साम्राज्य पाप का छाया था ।
अज्ञान और पाखण्डों का सारे ही जग में पाया था ॥
सबलों के अत्याचारों से निर्बल दुख लाखों पाते थे ।
अरु मूक पशु तक बेचारे यज्ञों में होमे जाते थे ॥१॥
तब महावीर का जन्म हुवा सब तितर बितर पाखंड हुये ।
सब पाप और अत्याचारों के क्षण भर में थे खंड हुये ॥
जो सारे जग को सुखकर था उनने ऐसा उपदेश दिया ।
अरु बहते हुये अनेकों को अज्ञान धार से पार किया ॥२॥
निष्कंटक मार्ग इधर को है हे पथिक उधर को मत जाओ ।
भगवान वीर के अप्रतिहत शासन की छाया में आओ ॥
अब तक तो भूल रही भारी तुम मारे मारे फिरते थे ।
जाते थे जिधर वहां पर हा ठोकर खा करके गिरते थे ॥३॥
पर भाग्योदय से आज अरे इस सन्मारग को पाया है ।
आओ आओ बैठो भाई यह कैसी शीतल छाया है ॥
यह वीरों का है मार्ग यहाँ आकर जो तेज दिखाते हैं ।
वे कर्म काट कर क्षण भर में बस महावीर हो जाते हैं ॥४॥
जितना करले उतना भरले है पराधीनता लेश नहीं ।
ईश्वर फल देने वाला है यह तो इसमें उपदेश नहीं ॥
उन्नति अवनति है निजाधीन यह जिन शासन में गाया है ।
सच्ची स्वतंत्रता का देखो यह "दास" सुपाठ पढ़ाया है ॥५॥

वीर जयन्ती !

सुलग रही है जब समाज में भीषण भट्टी पापों की।
जला रही ज्वालायें अबला दीनों के संतापों की ॥
तब क्या वीर जयन्तीके व्याख्यानों से होगा कल्याण ?
अथवा दो दिन के उत्सव से होजावेगा क्या उत्थान ॥

× × ×

जब समाजके श्रीमानोंको अपने धनका है अभिमान।
बने पंच परमेश्वर फिर भी नहीं न्यायका है कुछ ज्ञान ॥
चाहे जिसे बना देते हैं पतित और पावन वे लोग।
मगर लड्डुवों के भीतर भी रहता है कुछ अनुपम योग ॥

× × ×

ऐसे समय विचार कीजिये क्या कर्तव्य हमारा है।
उनका अब उद्धार कीजिये जिन्हें न कोई सहारा है ॥
शंखनाद कर शुद्धि मार्ग का उन लोगों को अपनाओ।
सच्चा साहस करके उनको निजसमाज में फिर लाओ ॥

× × ×

जब तक ऐसे कार्य न होंगे क्या उत्सव से होना है।
यह तो बस प्रतिवर्ष हमारा एक निरर्थक रोना है ॥
अब हे युवको! वीर जयंती पर कुछ करके दिखलाओ।
'दास' बहुत हो चुका न अब वह गीत पुराने ही गाओ ॥

वीर-स्तुति ।

हे वीरनाथ भगवन् ! आपत्ति आ रही है ।
नैया हमारी देखो किस ओर जा रही है ॥
जिस ओर देखता हूं झोखे उधर से आते ।
चक्कर लगाये कितने नहिं पार पा रही है ॥ १ ॥
हे वर्द्धमान स्वामिन ! हम थक चुके बहुत हैं ।
धर वेष नित्य नूतन विपदा सता रही है ॥
संसार यातना को हम सह चुके हैं भारी ।
डोंगी प्रभो ! हमारी विपरीत जा रही है ॥ २ ॥
कितने सहें कहो अब दुख एक हो तो सहलें ।
सिर पै विभो ! हमारे आपत्ति छा रही है ॥
नहिं एक पूर्ण होती विपदा हमारी स्वामिन !
तब तक तो दूसरी भी सजधज के आ रही है ॥३॥
जावें कहाँ कहो जो रक्षा करे हमारी ।
तेज़ी के साथ दुनियां उल्टी ही जा रही है ॥
डूबा प्रभो ! मैं डूबा जल्दी उभार लीजे ।
हे वीर ! "दास" की अब यह जान जारही है ॥४॥

चेतावनी ।

जैनियो चेतो अब इक बार ।।

तुमको अब तक ख्याल नहीं है,
मार्ग कहां अरु चाल कहां है ।
सम्हल जाओ देखो अब भी पग रखना तनिक सम्हार ।।

दशा तुम्हारी होगी कैसी,
रही चाल यदि आगे ऐसी ।
बहुत कठिन हो जावेगा पाना फिर अपना द्वार ।।

भाई से भाई मिल जाओ,
चलें साथ हम सब ही आओ ।
जानकार जो हम में हैं करलें उनको अगवार ।।

नहीं अगर मानोगे ऐसा,
मन आया तानोगे जैसा ।
फल होगा बस यही रहोगे पड़े अरण्य मझार ।।

इसी लिये झगड़ा अब तोड़ो,
बिछुड़े बंधु "दास" सब जोड़ो ।
जय बोलो भगवान वीर की होगा बेड़ा पार ।।

समाज-नैया ।

हे वीर नाथ भगवन् ! अब तो इधर निहारो ।
नैया समाज की यह अब वेग ही सम्हारो ॥
लोगों के कोसने से मल्लाह छोड़ बैठे ।
निश्चिंत हो रहे हैं मुंह हाय मोड़ बैठे ॥ १ ॥
फिर भी अनेक पापी उत्पात कर रहे हैं ।
झिझरी अनाथ नैया पत्थर से भर रहे हैं ॥
कुछ खेंचतान करके धक्के लगा रहे हैं ।
रक्षक को गालियां दे कोसों भगा रहे हैं ॥ २ ॥
दुखिया समाज भोली वश इनके हो रही है ।
मुंह आंसुओं से अपना दिन रात धो रही है ॥
घड़ियां दुखों की गिन गिन कर स्वांस भर रही है ।
रक्षक नहीं है कोई असहाय मर रही है ॥ ३ ॥
लाखों विपद हिलोरें आती हैं अब बचालो ।
हा डूबती है नैया प्रभु वेग ही सम्हालो ॥
सोये हुये मुसाफिर मल्लाह जाग जाओ ।
अस्तित्व "दास" अपना मिल कर सभी बचाओ ॥४॥

नवयुवकों से !

आशा नवयुवको तुम से है, कुछ करके काम दिखाओगे ।
अज्ञान और अत्याचारों को, जग से मार भगाओगे ॥
हालत जो नहीं सुधारोगे, तो यह समाज मर जावेगी ।
रह सकती अमर अगर अब भी, हस्तावलंब तव पावेगी ॥

× × ×

इन ऐश और आरामों को, तज स्वार्थ त्याग करना होगा ।
सच्चे सुधार के हेतु तुम्हें, हंसते हंसते मरना होगा ॥
इन अच्छे सुन्दर कामों में, तो विघ्न अनेकों आवेंगे ।
पर देख तुम्हें कटिबद्ध यहां से, शीघ्र कूच कर जावेंगे ॥

× × ×

देखो पर ध्यान रहे इतना, जो कुछ भी हो सच्चा करना ।
हो जग में धर्म प्रसार, कार्य ऐसे करने से मत डरना ॥
संगठन बना करके पक्का, सिद्धांत प्रचार करो जग में ।
है "दास" आश ऐसी हो, सब आजावेंगे सच्चे मग में ॥

न गई !

जैनियो! नींद ये अब तक भी तुम्हारी न गई।
वार लाखों सहे पर हाय खुमारी न गई ॥
कौन कहता है कि अब आपकी उन्नति होगी।
देख ऐसी दशा जब तुम से सुधारी न गई ॥ १ ॥

× × ×

आपसी द्वेष में निज शक्तियां खोते अफ़सोस।
कोशिशें होके भी जड़ फूट की मारी न गई ॥
हाय तैयार हो ले पक्ष का पापी खंजर।
दोनों मिट जायेंगे यह बात बिचारी न गई ॥ २ ॥

× × ×

मैं ही सब कुछ हूं मगर दूसरा अज्ञानी है।
आज तक बासना खोटी ये बिसारी न गई ॥
"दास" यह क़ौम रसातल को चली जावेगी।
गिरती हालत ये अगर जल्द सुधारी न गई ॥ ३ ॥

रहे न रहे ।

जैनियो ! शान तुम्हारी रहे रहे न रहे ।
धर्म अरु जाति हमारी रहे रहे न रहे ॥
खूब ही मौज करो भाई तुम्हारे रोवें ।
नाम धन धाम भी उनका रहे रहे न रहे ॥ १ ॥
आज तक क्या हुवा अरु हो रहा आगे होगा ।
क्या तुम्हें इससे है यह दिन रहे रहे न रहे ॥
नीच से नीच भी जब क़ौम बढ़ी जाती हैं ।
सोलो तुम रात ये बाक़ी रहे रहे न रहे ॥ २ ॥
खूब मन मस्त रहो खाओ पिओ सो जाओ ।
ऐश का यह समां बाक़ी रहे रहे न रहे ॥
देश के वेष से तुम को कहो मतलब क्या है ।
सत्व संसार में उसका रहे रहे न रहे ॥ ३ ॥
स्वार्थ पोषण के लिए धार्मिकों को ठुकरालो ।
उनका नामो निशां चाहे रहे रहे न रहे ॥
खुद भी करना नहीं इस धर्म की सेवा देखो ।
"दास" हो नाश या बाक़ी रहे रहे न रहे ॥४॥

सावधान !

सुमति का होगा कब संचार ।

आपस में हम हाय लड़ रहे ।
भाई भाई खूब भिड़ रहे ॥
अपनी हठ पर लोग अड़ रहे,
कैसे हो उद्धार ॥ सुमति० ॥१॥

बिगड़ गई हालत समाज की,
दशा हुई है कोढ़ खाज की ।
कथा कहो क्या कहें आज की,
बहत नयन से धार ॥ सुमति० ॥२॥

पुजते ढोंगी आज यहां हैं ।
सत्यासत्य विवेक कहां हैं ।
हठ ईर्षा छल जहां तहां हैं,
विपुल द्वेष भंडार ॥ सुमति० ॥३॥

आगम शुद्ध मिटा जाता है,
मन में जो जिस के आता है ।
वही गीत निर्भय गाता है,
कैसा अत्याचार ॥ सुमति० ॥४॥

रचा किसी ने चर्चा सागर,
दान विचार विषैली गागर ।

'सूर्यप्रकाश' तिमिर का है घर,
रचे त्रिवर्णाचार ॥ सुमति०॥ ५॥

इनने है मिथ्यात्व जगाया,
कैसा क्रूर कलंक लगाया ।
धर्म कर्म को दूर भगाया,
नहीं विवेक लगार ॥ सुमति०॥६॥

हमने जिन्हें हितैषी माना,
पंडित अथवा गुरु पहिचाना ।
स्वार्थ उन्हीं ने मन में ठाना,
इनके पतित विचार ॥ सुमति०॥७॥

अब तक जैसा धोखा खाया,
फल वैसा समाज ने पाया ।
सावधान का अवसर आया,
अब तो होश सम्हार ॥सुमति०॥८॥

शत्रु मित्र को अब पहचानो,
कहां ढोंग है यह भी जानो ।
जहां सत्य है उस को मानो,
देखो तनिक विचार ॥सुमति०॥९॥

बहुत होचुका है मन माना,
नहीं ढोंग का रहा ठिकाना ।
अब सचेत जैनो होजाना,
"दास" इसी में सार ॥सुमति०॥१०॥

चेतावनी।

जागो जागो नहीं पछताओगे,
गया मौका नहीं फिर पाओगे ॥ जागो जागो० ॥

× × ×

क्यों पड़े हो सुस्त तुमको कुछ खबर अपनी नहीं।
देखते ही देखते स्वाहा न हो जावे कहीं ॥
फिर तो रोओगे अरु चिल्लावोगे ॥ जागो० ॥

× × ×

सच कहो क्या आज तक तुमने विचारा है कभी।
होश या वेहोश हैं या मस्त सोते हैं सभी ॥
अपना नामो निशां खोजाओगे ॥ जागो० ॥

× × ×

घूमते चारों तरफ हैं चोर डाकू आनके।
आपको सुध भी नहीं सोते दुपट्टा तानके ॥
हाथ मलते ही बस रह जाओगे ॥ जागो० ॥

× × ×

अब उठो फिसले हुये यह क्रांतिका युग आगया।
"दास" आंखें खोलकर देखो अंधेरा छागया ॥
हाथ मलते ही फिर रह जाओगे ॥ जागो० ॥

वीरान किया ।

जैन वृष बाग़ तेरा किसने है वीरान किया ।
फूल फल पत्तियां डाली चबा बेमान किया ॥

बाग़बां जो कि थे उनने ही इसे खाया है ।
जागते धर्म की जड़ काटके बेजान किया ॥ १ ॥

और कितना कहें क्या क्या अभी जो चाल चली ।
सत्य परचारकों को खूब ही हैरान किया ॥

धर्म जड़ खोद के मट्ठा भरा उस में भारी ।
था अमन चैन वहां किसने है सुनसान किया ॥ २ ॥

पाप पत्थर उठा धुन मस्त हो ऐसे फेंके ।
कूजती कोकिलों को तान से बेतान किया ॥

देखते देखते कैसा चमन किया जंगल ।
वेष रख शेरे बबर स्यार का सा काम किया ॥ ३ ॥

शोक इतने पै अभी सो रहे सोने वाले ।
पाप आचार से संसार को अज्ञान किया ॥

"दास" को आश है जल्दी से सम्हल जाओगे ।
खण्ड पाखण्ड के कर सत्य का जो ध्यान किया ॥ ४ ॥

हमारी दशा।

जै-नो जागो अब नैया यह, मंझधार डूबती जाती है।
न-श गया धर्म अरु कर्म सभी, लख करके फटती छाती है॥

० ० ०

जा-गे जो अगर नहीं अब भी, तो सर्व नाश हो जावेगा।
ति-ल भर भी शांति नहीं होगी, आतंक महा तब छावेगा॥

० ० ०

का-रण जब अत्याचार अधिक, भूमंडल में हो जाते हैं।
क-रतूतें लख पापी जनकी, बस धर्म वहीं सो जाते हैं॥

० ० ०

रो-ना अब होगा अगर नहीं, भाई कुछ सोचोगे मन में।
सु-स्ती को छोड चेत जाओ कुछतो फुरती लाओ तन में॥

० ० ०

धा-रक हो जैन धर्म के तो कुछ ऐसे कर्म करो जग में।
र-स्ते में "दास" लगे सब भी आजावें इस सच्चे मग में॥

हमारी दुर्दशा।

हा हा ! हमारी अब दशा प्रति दिन बिगड़ती जा रही।
वह ज्ञान ध्यान रहा नहीं कैसी अविद्या छा रही ॥
है प्रेम आपस में नहीं अब स्वार्थ दूना बढ़ गया।
अविवेक और कुकर्म का हा भूत कैसा चढ़ गया ॥१॥

भाई हमारे मर रहे भूखे हमें चिंता नहीं।
फिर भी दशा अच्छी रहे कहिये भला सम्भव कहीं ॥
अब दासता ही दूसरों की देखिये स्वीकार है।
है घृणा देश समाज सेवा से हमें धिक्कार है ॥२॥

इच्छुक उपन्यासादि के ही लोग बहुधा होगये।
प्राचीन उस इतिहास के ज्ञाता सदा को सो गए ॥
धन बल तथा विद्या सभी से हीन होते जारहे।
अज्ञान सागर में हमारे बंधु गोते खा रहे ॥३॥

आकर यहां पर दूसरे असहाय हमको जानकर।
अपने बिछाते जाल हैं अज्ञान पत्ती मान कर ॥
ऐसी दशा आगे रही तो एक दिन वह आयगा।
हा ! "दास" भारतवर्ष का बस नाम ही मिट जायगा ॥४॥

नींद पूरी हो चुकी।

अयि जाति जैनी जाग तू अब नींद पूरी हो चुकी।
इस नींद में धन धर्म जन लाखों करोड़ों खो चुकी॥
हतवीर्य जैनी हो गये बाकी नहीं कुछ जोश है।
ठुकराये जाते हैं सदा फिर भी नहीं हा! होश है॥१॥
माता बहिन अरु बेटियां कैसी सताई जा रहीं।
स्लाम होने के लिये धमकी बनाई जा रहीं॥
टुकड़े किये हैं मूर्तियों के हाय! अत्याचार है।
चुपचाप अब जीना तुम्हारा जैनियो बेकार है॥२॥
अब भी सम्हल जाओ उठो तुम वीर की संतान हो।
पहिले बचाओ धर्म फिर पीछे बचाओ जान को॥
हो धर्म का अपमान फिर जीना न जीना एक है।
इस बात को वे जानते जिनमें कि ज्ञान विवेक है॥३॥
गायन नहीं यह भाइयो! पर हार्दिक दुख भाव हैं।
अन्याइयों द्वारा किये हा मार्मिक यह घाव हैं॥
अंतिम निवेदन आप से अब होश में आ जाइये।
फिर से समय उस वीर का अब "दास" जग में लाइये॥४॥

जिनवाणी माता से !

सदा दिन एक से माता किसी के भी नहीं रहते ।
जगत उत्पाद व्यय ध्रौव्यात्मक है ऋषि यही कहते ॥
गये दिन वह कि जब तेरा जगत भर में उजाला था ।
करोड़ों अज्ञ जीवों को भवोदधि से निकाला था ॥१॥

मगर अब क़ैद करके हैं रखा माता तुझे ऐसे ।
अरे! बाहर निकलना है कठिन अलमारियों में से ॥
स्वयं उद्धार होने को तरसती है अंधेरे में ।
पड़ी है स्वार्थियों के आज अब तू मात घेरे में ॥२॥

परम तीर्थेश से तेरा हुआ अवतार था माता ।
मुनी गणधर ऋषीश्वर मंत्र गुण तेरे सदा गाता ॥
मगर अब आज हे माता ! दशा तेरी निराली है ।
स्वार्थियों ने बनाई कृति तेरी खूब काली है ॥३॥

सड़ाया अरु गलाया दीमकों से भी खवाया है ।
नहीं परवाह है तेरी अजब स्वारथ समाया है ॥
मगर युवकों के दिल में दर्द अब तेग मताता है ।
हुई है "दास" को आशा ज़माना ठीक आता है ॥४॥

विष्णुकुमार !

जयति जय मुनिवर विष्णुकुमार ॥

हे गुण वात्सल्य के धारी, तज सर्वस्व परम उपकारी ।
बलि की ऐंठ चूर कर डारी, लीना संघ उबार ॥जयति०॥

सप्त शतक मुनि दुख पाते थे, अग्नि मांहि होमे जाते थे ।
मंत्री दुष्ट गीत गाते थे, मद सब कीना छार ॥ जयति०॥

जो तुम नहिं उपसर्ग हटाते, क्षण में क्षार ऋषी हो जाते ।
उनका नाम नहीं फिर पाते, होता अत्याचार ॥जयति०॥

जनता ने अति दुख पाया था, मानों छठा काल आया था ।
महा घोर संकट छाया था, लीना वेग उतार ॥ जयति०॥

बलि जब शरण तुम्हारी आया, द्वेष नहीं तुमने था लाया ।
उसको सच्चे मार्ग लगाया, किया शीघ्र उद्धार ॥जयति०॥

पापी का तुम पाप छुड़ाया, वात्सल्य का पाठ पढ़ाया ।
जैनधर्म का मार्ग बढ़ाया, नमें "दास" शत बार ॥जयति०

रक्षाबंधन पर्व ।

पर्व राखी का मनाता आज भारतवर्ष है ।
देखिये चारों तरफ सब के हृदय में हर्ष है ॥
बांध बंधन सूत का कृतकृत्य निज को मानते ।
सत्य है उद्देश्य इसका हम नहीं कुछ जानते ॥१॥

× × ×

बंधुओ ! कैसे हुए उपसर्ग लाखों धर्म पर ।
अरु अकंपन वीर दृढ़ कैसे रहे सत् कर्म पर ॥
दुष्ट बलि ब्राह्मण मगर हा ! दुष्टता करता रहा ।
संघ धारण धैर्य कर नरयज्ञ में जरता रहा ॥२॥

× × ×

आज लों ऐसे अनेकों विघ्न आते ही रहे ।
दुष्ट सज्जन को सनातन से सताते ही रहे ॥
किन्तु विष्णुकुमार से मुनि जो कहीं होते नहीं ।
धर्म खाता पाप अंध समुद्र में गोते वहीं ॥३॥

× × ×

बंधुओ! शिक्षा ग्रहण इससे तनिक तो कीजिये ।
धर्म हित तन मन तथा धन को लगा अब दीजिये ॥
आज संकट की भंवर में जा फँसा यह धर्म है ।
"दास" यह सब जानकर मौजें उड़ाते शर्म है ॥४॥

रक्षा बंधन।

बंधुओ कुछ तो विचारो आज क्यों यह हर्ष है।
देखिये चहरों पै सब के हर्ष का उत्कर्ष है॥
मात मौ मुनियों की रक्षा आज ही थी की गई।
जिनधर्म की रक्षा हुई थी हां उसी का हर्ष है॥१॥
बंधन उसी का बांध कर प्रमुदित सभी हैं हो रहे।
उत्सव यही होता रहा अरु हो रहा प्रति वर्ष है॥
पर व्यर्थ यह उत्सव तुम्हारा भूल है इस हर्ष को।
धन धर्म जन लुटते रहैं तुमको नहीं कुछ तर्स हो॥२॥
कर्तव्य तो था यह कि रख आदर्श विष्णुकुमार को।
जिनधर्म रक्षा कर उठाते इस मही के भार को॥
पर कुछ नहीं तुम ने किया सब देखते सोते रहे।
लूटा तुम्हें सब ने मगर लुट कर वहीं सोते रहे॥३॥
जो कुछ हुवा सो हो चुका अब क्या करें कुछ तो कहो।
जब तक न हो निज पूर्ति तबतक सतत ही उद्यत रहो॥
इच्छा तुम्हारी फिर अहो कहना हमारा हो चुका।
यदि "दास" अब चेते नहीं तो जो बचा वह खोचुका॥४॥

पर्यूषण-पर्व ।

परम पावन पर्व पर्यूषण अहो यह आ गया ।
भाव वस सत्वेषु मैत्री का सभी के छा गया ॥
व्रत नियम उपवास संयम शील में सब लीन हैं ।
दान दे संतुष्ट लाखों कर दिये जो दीन हैं ॥१॥

× × ×

किन्तु प्यारे बंधुओ यह तब सफल कहलायगा ।
स्थितिकरण का भाव मन में आपके जब आ गया ॥
देख कर करतूत साधर्मी बिछुड़ते जा रहे ।
जो बचे हैं हम उन्हें धक्के अनेक लगा रहे ॥२॥

× × ×

खूब हुल्लड़ हो चुका अब तो क्षमा धारण करो ।
डाह हठ मात्सर्य को अपने हृदय से अब हरो ॥
होगया सो होगया अब आप फिर मिल जाइये ।
"दास" शासन वीरका बस विश्व को दिखलाइये ॥३॥

क्षमा-पत्र ।

हमने पूर्ण किया पर्यूषण यथा शक्ति कर व्रत उपवास ।
शास्त्र सभा स्वाध्याय आदिसे हुआ धर्म का किंचित भास ॥
दशलक्षण अरु सोलहकारण तथा सूत्र का सुन व्याख्यान ।
किया पाठ पूजा सामायिक दिया यथोचित चौविध दान ॥१

इसीलिए हैं सरल हो गये भाव हमारे अपने आप ।
क्षमा भाव धारण करने से दूर हुये हैं सब सन्ताप ॥
धर्मकृत्य यह किये आपने भी होंगे सब इसी प्रकार ।
क्षमा परस्पर करें करावें पाया यही धर्म का सार ॥ २ ॥

होती हैं मानव से भूलें इसे जानता है संसार ।
शायद हमसे क्षुब्ध हुवा हो हृदय आपका किसी प्रकार ॥
इसीलिये अपराध भुलादें मन वच काया कृत सब आप ।
हमने भी अब क्षमा भाव धारण कर दूर किया संताप ॥३॥

क्या हम आशा करें आप कर लेवेंगे इसको स्वीकार ।
आज उतारें विगत वर्ष की मनो मलिनता का सब भार ॥
और बढ़ावें प्रेम परस्पर, प्रेम क्षमा का है अवतार ।
सुखमय जीवन हो जाता है दास हृदय में इसको धार ॥४॥

क्षमा प्रार्थना ।

श्रीमन मनाया पर्व पर्यूषण बड़े आनन्द से ।
वर्णन करूँ मैं क्या कहो अब तुच्छतम इस छंद से ॥

यम नियम व्रत उपवास जप तप शक्ति भर मैंने किये ।
प्याले क्षमाऽमृत के पिलाये अरु स्वयं भी हैं पिये ॥

हां, आपने भी वीर अर्चा अरु दया सत् कर्म में ।
यह पूर्ण दिन होंगे किये बस एक सेवा धर्म में ॥

कुछ दान भी याचक जनों को आपने होंगे दिये ।
थोड़ा बचा होगा अभी अवशिष्ट मेरे भी लिये ॥

है इसलिये यह याचना बस पूर्ण झट कर दीजिये ।
अपराध मन वच काय कृत कृपया क्षमा सब कीजिये ॥

अज्ञान और प्रमाद से अथवा किसी भी भूल से ।
मैंने कषायोत्पन्न की हो वह उखाड़ मूल से ॥

बस और अब मैं याचना कुछ आप से करता नहीं ।
कारण क्षमाऽमृत प्राप्त कर संतुष्टि हो जाती वहीं ॥

अंतिम निवेदन "दास" का पत्रादि नित देते रहें ।
हों इष्ट जन उनसे यथावत जैजिनेंद्रादिक कहें ॥

क्षमा याचना

(१)

श्रीमन् ! मनाया पर्व पर्यूषण सभी ने हर्ष से ।
दिन धर्म में बीते दसों जिन भक्ति के उत्कर्ष से ॥
याचक अयाचक हो गये दानादि नित होते रहे ।
पर "दास" याचक रहगया मुँहसे उसे अब क्या कहे

(२)

फिर भी प्रगट है ही उसे स्वीकार अब कर लीजिये ।
गत वर्ष के अपराध सब मेरे क्षमा कर दीजिये ॥
यह बात जगत प्रसिद्ध है होती सभी से भूल है ।
सज्जन जनों को तो मगर वह शूल सम भी फूल है ॥

(३)

यदि सच कहें तो व्यर्थ ही है याचना यह आप से ।
छाया बचाती है नहीं क्या याचना बिन ताप से ॥
फिर भी विनय मेरी अहो स्वीकार यह कर लीजिये ।
अब "दास" को भूलें नहीं ऐसी कृपा बस कीजिये ॥

नूतन-वर्ष

नू-तनवर्षारंभ हुवा अब आओ सब मिल काम करें ।
त-न मन धन अर्पण कर अपना देश दुखोंका नाम हरें ॥

न-हीं द्वेष का लेश रहे अब मन का मैल निकल जावे ।
ब-न्धु वही नाता जोड़ो यह धर्म उसी पथ पर आवे ॥

र-स वेरस होगया प्रेम का फिर से वह पीले प्याला ।
पा-णो पल पर शुद्ध करें जो हृदय हमारा था काला ॥

रं-क तथा राजा कोई भी धर्म बन्धु अपना होवे ।
भ-रसक करें प्रयत्न कभी निज धर्म हाथ से ना खोवे ॥

हु-ल्लड़बाजी बहुत होचुकी होश सम्हालो अब अपना ।
आ-ओ फिर से हृदय मिलालें "दास" बहुत देखा सपना ॥

नूतन वर्ष की चाह

सफल हो नूतन वर्ष जिनेश ॥

हिलमिल कर सब प्रेम बढ़ावें, मंगल गान नित्यही गावें ।
न्याय नीति से द्रव्य कमावें, सुखी बने यह देश ॥ सफल० १

पालन करते रहें धर्म को, पावें जग के जीव शर्म को ।
पहिचानें सब सत्य कर्म को, कष्ट रहे न लेश ॥सफल०॥२

एक दूसरे के हित आवें, सबके घर में आनन्द छावें ।
ईति भीति सबही नश जावें, दूर भगें सब क्लेश ॥सफल०॥३

गुणीजनों के गुण को जानें, एक दूसरे को पहिचानें ।
मिले नहीं सारा जग छानें, नाम मात्र को द्वेष ॥सफल०॥४

जैन मार्ग का जग अनुगामी, होजावे हे अंतरजामी ।
रही "दास" की है हे स्वामी, यही भावना शेष ॥सफल०॥५

दीपावलि

मनाते हैं दीपावलि आज ॥

कहां भाव मैत्री प्रमोद का ।
नाम नहीं था द्वेष क्रोध का ॥
कहां आज आपसमें लड़ते नहीं तनिक भी लाज ॥मनाते०॥१

करुणा का वह भाव कहां है ।
साधर्मी से चाव कहां है ॥
जीव दया से द्वेष ठान कर, बनते हैं सिरनाज ॥मनाते०॥२

आपस में अब प्रेम नहीं है ।
युगल पत्त की त्तेम नहीं है ॥
इसीलिए मिलजावेंगे हा, मिट्टी में सब साज ॥ मनाते ॥ ३

है समाज त्तयरोगी कब से ।
वर्ष सैंकड़ों बीते अब से ।
इतने पर भी खुजा रही, खेंचातानी की खाज ॥मनाते०॥४

"दास" अगर अब भी मानोगे ।
सत्य बात को पहिचानोगे ॥
अखिल विश्वमें फिर फैलेगा जैनधर्मका राज ॥ मनाते०॥५

दीपावली कैसे मनावें

दीपावली प्रभो ! हम कहिये कहां मनावें ?
जब तक समाज मन्दिर अपना नहीं बनावें ॥

नक़ली मकान मिट्टी के सब सुधार डाले ।
मन के मकान लेकिन कैसे पड़े हैं काले ॥ १ ॥

भाई हमारे हम से दिन रात लड़ रहे हैं ।
अज्ञान के शिखर पर तेज़ी से चढ़ रहे हैं ॥

दीपक बनावटी से होगा प्रकाश कैसे ?
जब अंतरंग सब के मैले पड़े हैं ऐसे ॥ २ ॥

हा प्राण भाइयों से जिनके लिये गये हों ।
मन्दिर में मूर्तियों के टुकड़े किये गये हों ॥

जिनके जलूस उत्सव अबतक रुके पड़े हों ।
वे पर्व यह मनाने कैसे कहो खड़े हों ॥ ३ ॥

भगवन् ! सुबुद्धि अब तो ऐसी प्रदान कीजे ।
अपने समाज के हित जिससे हृदय पसीजे ॥

तब एक तान होकर दीपावली मनावें ।
फिर "दास" वीर प्रभु का संसार को बनावें ॥ ४ ॥

दीपावली या होली ?

दीपावली नहीं यह भाई लेकिन होली आई है।
भारत में जब अतुल अहिंसक क्रांति चतुर्मुख छाई है ॥
जहां देश के दीन जनों पर बढ़ता आता हो अति त्रास।
वहीं मनाया जावे कैसे दीप जला करके उल्लास ॥ १ ॥

भारत के सपूत जेलों में सहते कष्ट अनेक प्रकार।
कहीं जप्तियां कहीं लाठियों के होते हैं खूब प्रहार ॥
ऐसे विकट समय में कैसे दीपावली मनावेंगे।
दीन दुखी होकरके कैसे व्यञ्जन विविध बनावेंगे ॥ २ ॥

मचा हुवा है आज देश में हृदय विदारक हाहाकार।
प्राण हथेली पर ले करके सहते वीर अनेकों मार ॥
तननम २ ताल किये प्रभु झुक झुं झुं करते विनका ।
ऐरन वेरन के भवतारे झालड़ की झालड़ झँका ॥ ४ ॥

झड़ झड़ पर नौबत बाजें दुंदुभि २ के बिनका।
इस विधि गीत संगीत सुनावैं गंधर्व गान करैं प्रभु का ॥ ५
सुर नर इंद्र सब जै जै उचरैं जनम सफल हुआ उनका।
अमृत उदय जिन हर्ष भयो सुख क्या विस्तार करें प्रभुका ॥ ६

श्री पार्श्वनाथजी की दूसरी आरती

(चाल—जयदीश हरे)

जय पारसदेवा प्रभु जय पारसदेवा।
सुर नर मुनि जन तव चरनन की करते नित सेवा। टेक
पोष बदी ग्यारसि काशी में आनँद अति भारी।
अश्वसेन घर वामा के उर लीनो अवतारी ॥१॥ जय
श्यामवरण नव हाथ काय पग उरग लखन सोहै।
सुरकृत अति अनूप पट भूषण सबका मन मोहै ॥२॥ जय
जलते देखे नाग नागिनी पढ़ नवकार दिया।
हरा कमठ का मान ज्ञान का भान प्रकाश किया ॥३॥ जय
मात पिता तुम स्वामी मेरे आस करूँ किसकी।
तुम बिन दूजा और न कोई शरण गहूं जिसकी ॥४॥ जय
तुम परमातम तुम अध्यातम तुम अन्तर्यामी।
स्वर्ग मोक्ष पदवी के दाता त्रिभुवन के स्वामी ॥५॥ जय
दीनबंधु दुखहरण जिनेश्वर तुम ही हो मेरे।
दो शिवपुर का वास दास यह द्वार खड़ा तेरे ॥६॥ जय
विषय विकार मिटाओ मन का अर्ज सुनो दाता।
जियालाल कर जोड़ प्रभू के चरणों चित लाता ॥७॥ जय

आरती महावीर स्वामी की

(तर्ज— जय जगदीश हरे)

जय सन्मति देवा प्रभू जय सन्मति देवा ।
वीर महा अति वीर प्रभूजी वर्द्धमान देवा ।। टेक

त्रिशला उर अवतार लिया प्रभु सुर नर हरषाये ।
पन्द्रह मास रतन कुण्डलपुर धनपति बरषाये ।। १ ।। जय०
शुक्ल त्रयोदशी चैत्र मास की आनन्द करतारी ।
राय सिद्धारथ घर जन्मोत्सव ठाठ रचे भारी ।। २ ।। जय०
तीस वर्ष तक रहे गेह में बाल ब्रह्मचारी ।
राज त्याग कर भर जोबन में मुनि दीक्षा धारी ।।३।। जय०
द्वादश वर्ष किया तप दुद्धर विधि चकचूर किया ।
झलके लोकालोक ज्ञान में सुख भरपूर लिया ।।४।। जय०
कातिक श्याम अमावस के दिन जाकर मोक्ष बसे ।
पर्व दिवाली चला तभी से घर घर दीप चसे ।। ५ ।। जय०
वीतराग सर्वज्ञ हितैषी शिव मग परकाशी ।
हरि हर ब्रह्मा नाथ तुम्हीं हो जयर अविनाशी ।।६।। जय०
दीन दयाला जग प्रतिपाला सुर नर नाथ जजें ।
सुमरत विघ्न टरें इक छिन में पातक दूर भजें ।। ७ ।। जय०
चोर भील चाण्डाल उभारे भव दुख हरण तुही ।
पतित जान शिवराम उभारो हे जिन शरण गही ।।८।। जय०

आरती श्रीचंद्रप्रभू की।

(चाल—प्रभू जय जगदीश हरे)

जय जय जिन चन्दा, प्रभु जय २ जिन चन्दा।
चन्द्र जिनन्दा आनंद कन्दा, हर २ भव फन्दा ॥ टेक

चंद्रपुरी में जन्म लिया जिन, चन्द्रप्रभू नामी।
चन्द्र चिन्ह चरणों में सोहे, चन्द्रवरण स्वामी ॥ १ ॥जय०

धन्य सुलच्मणा देवी माता, जिस उर आन बसे।
महासेन कुल नभ में जगमग, जगमग जोत लसे ॥२॥जय०

बाल्य काल की लीला अद्भुत सुर नर मन भाई।
न्याय नीति से राज्य कियो चिर, सब को सुखदाई ॥३॥जय०

कारण पाय भये वैरागी, सब जग त्याग दिया।
भव तन भोग समझ चणभंगुर, संयम धार लिया ॥४॥ जय०

दुद्धर तप कर कर्म निवारे, केवल ज्ञान जगा।
लोकालोक चराचर युगपत, दर्पणवत झलका ॥५॥ जय०

अद्भुत सुंदर समवशरण, तव धनपति देव रचा।
द्वादश सभा तहाँ अति सोहे, जिन उपदेश दिया ॥६॥ जय०

जीव अनंत भवोदधि तारे, तरि करि मोच्च गये।
सिद्ध, शुद्ध, परमात्म, पूरण, परमानन्द भये ॥६॥ जय०

ये आदर्श तिहारा प्यारा, जो नर नित ध्यावें।
अजर अमर शिवराम परम पद, सो निश्चय पावें ॥७॥जय०

आरती शीतलनाथ की ।

[ला० अमीरसिंह रोहतक कृत]

(चाल—जय जगदीश हरे)

जय शीतल देवा प्रभु जय शीतल देवा ।
तारण तरण जगत के स्वामी पार करो खेवा ॥ टेक
गर्भ समय इन्द्रों ने मिलकर जय जयकार करे ।
पन्द्रह मास रतन भद्रका में आनँद से बरसे ॥ १ ॥
चैत वदी आठम को प्रभुजी गर्भ में तुम आये ।
छपन कुमारी गर्भ शोधना करती हर्षाये ॥ २ ॥
जनम लिये माह वदि बारस को सुरग से इन्द्र आये ।
दृढ़रथ राजा नंदादेवी के दर्शन पाये ॥ ३ ॥
इँद्र और इँद्रानो तुमको पाण्डुक बन लाये ।
क्षीरोदधि से न्हवन किया फिर सीधे घर आये ॥ ४ ॥
राज छोड़ माह वदि बारस को जिन दीक्षा लीनी ।
पञ्चमुष्टि से लोच किया नुति सिद्धनकी कीनी ॥ ५ ॥
कर्म खपा कर पोह बदि चौदस का दिन जब आया ।
भवि जीवन के तारण कारण केवलज्ञान पाया ॥ ६ ॥
दे उपदेश भव्यजन तुमने जग से पार किये ।
शुक्लपक्ष आसौज की आठम को प्रभु मुक्त गये ॥ ७ ॥
शीतलनाथ की शरणागत में ए. एस. तु आना ।
जग से पार करें नहिं तुम को देव कोई दूजा ॥ ८ ॥

आरती श्री शान्तिनाथजी की

(चाल—जय जगदीश हरे)

जय जिनवर देवा प्रभु जय जिनवर देवा ।
शान्ति बिधाता शिव सुखदाता शान्तिनाथ देवा ॥ टेक

ऐरा देवी धन्य जगत में जिस उर आन बसे ।
विश्वसेन कुल नभ में मानों पूनमचन्द्र लसे ॥ १ ॥
कृष्ण चतुर्दशी जेठ मास की आनन्द करतारी ।
हथनापुर में जन्म महोत्सव ठाठ रचे भारी ॥ २ ॥
बाल्यकाल की लीला अद्भुत सुर नर मन भाई ।
न्याय नीति से राज्य कियो चिर सबको सुखदाई ॥ ३ ॥
पंचम चक्री काम द्वादशम सोलम तीर्थंकर ।
त्रय पदधारी तुमहि मुरारि ब्रह्मा शिवशंकर ॥ ४ ॥
भवतन भोग समझ क्षण भंगुर मुनि व्रत धार लिये ।
षट् खण्ड नवनिधि रतन चतुर्दश तृणवत् छार दिये ॥ ५ ॥
दुद्धर तप कर करम निवारे केवल ज्ञान लहा ।
दे उपदेश भविक जन बोधे ये उपकार महा ॥ ६ ॥
दीनदयाला जग प्रतिपाला सुर नर नाथ जजें ।
सुमरत विघन टरत इक छिन में पातक दूर भजें ॥ ७ ॥
जीव अनन्त भवो दधितारे तरि "शिव" नगर गये ।
सिद्ध शुद्ध परमातम पूरण परमानन्द भये ॥ ८ ॥

आरती मुनिराज की ।

आरती कीजे श्रीमुनिराजकी, अधमउधारनआतम काज की ॥टेक
जा लक्ष्मी के सब अभिलाखी, सो साधन कर दमवत नाखी ॥ १
सब जग जीत लियो जिन नारी, सो साधन नागनिवत छारी ॥ २
विषयन सब जग जिय वश कीने, ते साधन विषवत तज दीने ॥ ३
भुवि को राज चहत सब प्राणी, जीरण तृणवत त्यागत ध्यानी ॥ ४
शत्रु मित्र दुख सुख सम मानै । लाभ अलाभ बराबर जानै ॥५
छहों काय पीहर व्रत धारें, सब को आप समान निहारें ॥६
इह आरती पढ़ै जो गावै, 'द्यानत' सुरग मुकति सुख पावै ॥७

"जैनमित्र" के इसी अंक का कोड़पत्र

जयवीर

जैन कीर्तन

लेखक व प्रकाशक—

गायनगोष्ठी और भोला समाज नाटक के रचयिता

चन्द्रसेन जैन वैद्य-इटावा

दशलाक्षण पर्व में अमूल्य वितरित

वीर संवत् २४६२

प्रिंटर-पं० बेदनिधि मिश्र बी. एन. प्रेस इटावा में छपा।

* जयवीर *

(१)

तर्ज—कोई हंस रहा है कोई रो रहा है।

जपो ओ३म् तत्सन् कहो ओ३म् तत्सन् ॥टेक॥

अरहन्त सिद्ध आचारज गाया,

उवभ्काय साधु सभी मनभाया,

यही पंच परमेष्ठि है ओ३म् तत्सन्।

जपो ओ३म् तत्सन् कहो ओ३म् तत्सन् ॥

(२)

तर्ज—राधे कृष्णा राधे कृष्णा राधे कृष्णा।

भजो वीर महावीर वर्द्धमान सन्मति ॥ टेक ॥

त्रिशला के छैया भव फंद के कटैया वीर।

लाज के रखैया जगत्पति सन्मति ॥ १ ॥

मग मोक्ष के बतैया जिनवाणी के सुनैया वीर।

पार के लगैया भवोदधि सन्मति ॥ २ ॥

सब जीवों के रखैया समभाव के करैया वीर।

मोरे मन आन बसो शिव पति सन्मति ॥ ३ ॥

(३)

तर्ज़—काली कमली वाले तुम पर लाखों सलाम ।

सब जीवन के हितकारी काटो कर्म जंजीर;
नमो अति वीर नमो महावीर ॥ टेक ॥
दीन बन्धु दीनन हितकारी,
सब जीवों में समता कारी,
तुमरे नाम लिये दुख भाजें आन परे जब भीर ।
नमो अति वीर नमो महावीर ॥ १ ॥
ऊंच नीच ना भेद बनाया,
सबको सन्मारग दिखलाया,
अहिंसा धर्म बनाया जीवन की लखि पीर ।
नमो अति वीर नमो महावीर ॥ २ ॥
सब जीवन सुख शान्ति विधायक,
पाप दुःख दारिद्र विनाशक,
सन्मति वर्द्धमान जिन कहिये और कहो महावीर ।
नमो अति वीर नमो महावीर ॥ ३ ॥

(४)

तर्ज--गांधी जी हिन्द का रहनुमा होगया।

महावीर स्वामी महावीर स्वामी ॥ टेक ॥
जगत सो रहा था जगाया था किसने ?
भटकतों को रस्ता बताया था किसने ?
महावीर स्वामी महावीर स्वामी ॥ १ ॥
अहिंसा का डंका बजाया था किसने ?
दया धर्म सबको सिखाया था किसने ?
महावीर स्वामी महावीर स्वामी ॥ २ ॥
पतितों को ऊपर उठाया था किसने ?
सभी को बराबर बनाया था किसने ?
महावीर स्वामी महावीर स्वामी ॥ ३ ॥
सुधा शान्ति सुख का पिलाया था किसने ?
छिपा आत्म बल निधि बताया था किसने ?
महावीर स्वामी महावीर स्वामी ॥ ४ ॥
मतों का अंधेरा मिटाया था किसने ?
अनेकान्त सूरज उगाया था किसने ?
महावीर स्वामी महावीर स्वामी ॥ ५ ॥

(५)

तर्ज:—पीछे यारो कदम को हटाना नहीं ।

महावीर नमों अतिवीर नमों ।
सन्मति जिन बर्द्धमान नमों ॥ टेक ॥
सब कर्म विनाशक शूर नमों,
दुख दारिद के चक चूर नमों,
महावीर नमों अतिवीर नमों ॥ १ ॥
संकट आकुल धर धीर नमों,
भव ताप विनाशक नीर नमों,
महावीर नमों अतिवीर नमों ॥ २ ॥
पतितोद्धारक हर पीर नमों,
भव जीवन के भवतीर नमों,
महावीर नमों अतिवीर नमों ॥ ३ ॥
सब जीवन के सुख सीर नमों,
निर्बल जन के बल बीर नमों,
महावीर नमों अतिवीर नमों ॥ ४ ॥

(६)

तर्ज:—हां हीं चर्खा कातो तो बेड़ा पार हो।

हां हाँ मिलकर वीर प्रभू गुण गाओ ॥ टेक ॥
हां हाँ जिसने सबको समान बनाया,
हां हाँ उसको समदरशी कहि गाओ ॥ १ ॥
हां हाँ जो है दीन जनों का त्राता,
हां हाँ उसको जग रक्षक बतलाओ ॥ २ ॥
हां हाँ जिसने नीच को ऊंच बनाया,
हां हाँ उसको पतितोद्धारक गाओ ॥ ३ ॥
हां हाँ जिसने वाद विवाद मिटाया,
हां हाँ उसको अनेकान्त मणि गाओ ॥ ४ ॥
हे प्रभु दीननबन्धु दयानिधि,
हमको अपना कर अपनाओ ॥ ५ ॥

(७)

तर्ज:—अरी मोरी गुइयां सरोता कहां भूल आई।

प्रभु गुण गाओ सभी मिल बार बार ॥ टेक ॥
अष्ट करम मोहि बहु दुख दीने,
इनको कीजे कृपा करि छार छार ॥ १ ॥

संग कषायन का अब छूटे,
ये चलते हैं हमारी लार लार ॥ २ ॥
पर में रचि निज रूप भुलानों,
सुध बुध भूले भ्रमें गति चार चार ॥ ३ ॥
सब जीवों में समता राखूं,
सबसे राखूं हृदय में प्यार प्यार ॥ ४ ॥
दीनबन्धु दीनन हितकारी,
निज जन जान हमें अब तार तार ॥ ५ ॥

(८)

तर्ज़ः—मैं तो तेरा ताबेदार जिन जी ।

प्रभु गुण गावेंगे सब मिल ॥ टेक ॥
निर्विकार निर्ग्रन्थ दिगम्बर छवि
लखि पावेंगे ॥ सब मिल० ॥ १ ॥
तुम मुख चन्द्र किरण निरखत ही अघ
तम भाजेंगे ॥ सब मिल० ॥ २ ॥
सिद्ध समान शुद्ध निर्मल हम आतम
भावेंगे ॥ सब मिल० ॥ ३ ॥

राग द्वेष छुट जांय हमारे यह वर
माँगेंगे ॥ सब मिल० ॥ ४ ॥
निज लखि रूप समान तुम्हारे हम
हो जावेंगे ॥ सब मिल० ॥ ५ ॥

(६)

तर्ज:—सुनाजा सुनाजा सुनाजा कृष्णा बन्सी का तान सुनाजा कृष्णा

सुनाजा सुनाजा सुनाजा महावीर हितकर
वाणी सुना जा महावीर ॥ टेक ॥
विषयन चाह अगिन की दाह,
मिटाजा मिटाजा मिटाजा महावीर
ये भवपार मिटाजा महावीर ॥ १ ॥
भटक रहा चहुँगति के माहिं,
दिखाजा दिखाजा दिखाजा महावीर
अब भव तीर दिखाजा महावीर ॥ २ ॥
पर में रच निज रूप भुलाइ,
बताजा बताजा बताजा महावीर
आतम रूप बताजा महावीर ॥ ३ ॥
आतम ही परमातम होइ,
बनाजा बनाजा बनाजा महावीर
आप समान बनाजा महावीर ॥ ४ ॥

॥ इति ॥

श्री शान्ति सागरायनमः

मुनिसंघ भजनावली ।

लेखक और प्रकाशक-

मा० शिवराम सिंह जैन शिक्षा प्रचारक

रोहतक ।

प्रथमबार १०००] वीर सम्वत् २४५७ [मूल्य) ॥

ऐजूकेशनल प्रेस रेलवे रोड रोहतक में छपा ।

मुनिसंघ भजनावली ।

भजन १

चाल-(जिधर देखता हूं)

गुरु शान्ति सागर मिले उपकारी,

सुधारेंगे बिगड़ी दशा ये हमारी ॥ टेक

बहुत से दर्शन को थे हम तरसते ।

हुए अब कृतारथ छवी देख प्यारी ॥ १

परम शान्त मुद्रा है जग से निराली ।

बालक सरीखे नगन अविकारी ॥ २

रागी न द्वेषी हैं सच्चे हितैषी ।

सभी प्राणियों को परम सुःखकारी ॥ ३

विषयों की आशा नहीं लेश जिनके ।

हैं त्यागे परिग्रह सभी दुःखकारी ॥ ४

ध्यान तपस्या में लवलीन रहते ।

करें ज्ञान चर्चा स्व परहित कारी ॥ ५

शिवराम तेरे है चरणों का चेरा ।

शरण आगही है गुरु अब तुम्हारी ॥ ६

भजन २

गजल कव्वाली चाल-(मिली हैं खाक में इनकी)

मुनीश्वर देहली में आए मुबारिक हो मुबारिक हो ।
गुरु ने दर्श दिखलाए मुबारिक हो मुबारिक हो ॥ टेक
दिगम्बर जैन मुनियों का हुआ था लोप भारत में ।
बड़े सौभाग्य से पाए मुबारिक हो मुबारिक हो ॥ १
सुना करते थे दक्षिण में मुनी मौजूद हैं अब भी ।
चरन की धूल मिल जाए मुबारिक हो मुबारिक हो ॥ २
हमारी भावना दिल की हुई पूर्ण अहा कैसी ।
गुरु उत्तर में अब आए मुबारिक हो मुबारिक हो ॥ ३
शान्ति सागर महा मुनिवर दयामय धर्म के सागर ।
मुनीसंघ साथ में लाये मुबारिक हो मुबारिक हो ॥ ४
सर्प विकराल दुखकारी किया उपसर्ग तन भारी ।
जरा नहीं आप घबराए मुबारिक हो मुबारिक हो ॥ ५
अजब अविकार है सूरत निराली शान्ति की मूरत ।
तभी तो सबके मन भाए मुबारिक हो मुबारिक हो ॥ ६
गुरु का नाम लेने से परम कल्याण होता है ।
न क्यों शिवराम गुन गाए मुबारिक हो मुबारिक हो ७

भजन ३

चाल-होरी बड़ी सुहानी रे ॥

सन्त ऋषी महाराज जगत हितकार हैं ॥ टेक

विषय कषाय सर्व नशाए, त्यागें सकल समाज ।
सज्जन सन्त सार हैं ॥ १

रागी न द्वेषी हित उपदेशी, निज पर आतम काज ।
करत सु विहार हैं ॥ २

दक्षिण से गुरु आए चल कर वंदन तीरथ काज ।
सु शिखर पहार हैं ॥ ३

उत्तर भारत हुआ कृतारथ, लख ऐसे ऋषिराज ।
धरत व्रत सार हैं ॥ ४

भाग्य उदय से दर्शन पाए, जनम सफल यह आज ।
नमत हर बार हैं ॥ ५

शिवसुख कारण दुर्गति टारन तारन तरन जिहाज ।
करत भव पार हैं ॥ ६

भजन ४

चाल—(तब तेरा पता कुछ चलता है)

सब पाप कर्म कट जाते हैं, मुनिराज के दर्शन करने से ।
सब संशय भरम मिट जाते हैं मुनिराज वचन चित धरने से ॥टेक
यह सूरत जग से न्यारी है, छवि परम दिगम्बर प्यारी है ।
भव तापके हरने हारी है, सुख शान्ति के करने वाली है ॥१
यह पंच महाव्रत धारी हैं, अरु राग द्वेष निरवारी हैं ।
मुनिराज बड़े उपगारी हैं, सब जीवन के हितकारी हैं ॥ २

आरंभ परिग्रह छोड़ा है इस जग से नाता तोड़ा है ।
गिरनार से नेहा जोड़ा है, संसार से मुखको मोड़ा है ॥ ३
जिस विषय के बस जग सारा है, उस कामदेव को मारा है ।
सब तनसे वस्त्र उतारा है, पर शील लंगोटा धारा है ॥ ४
ये आतम ध्यान लगाते हैं, ये जैन के साधू कहाते हैं ।
ऐसे साधू नजर नहीं आते हैं शिवराम इन्हें शिर न्याते हैं ॥

भजन ५

चाल [उसका खुदा भला करे]

मुनियों की शांत मूर्ति का दर्शन सदा किया करो ।
ज्ञान वैराग्य का यहां, शिक्षण सदा लिया करो ॥ टेक
देखो कहीं है सच कहो, शान्ती की मूर्ती यह अहो ।
कैसी है वीतरागता, ध्यान जरा दिया करो ॥ १
दुनियां की दौलत छोड़ कर, भोगों से मुंह को मोड़ कर ।
स्वातम ध्यान है किया, ख्याल तो यह किया करो ॥
काम और क्रोध को मारकर, राग और द्वेष को टार कर ।
समता का भाव है किया, वाणी सुधा पिया करो ॥
आदर्श है कल्याण का, मारग है निर्वाण का ।
शिवराम आतम ध्यान का, पाठ यहां पढ़ा करो ॥

भजन ६

गजल कव्वाली [चाल- मिली है खाक में उनको]

करें नित ध्यान आतम का, यही इक साधु सच्चे हैं ।
करें उपदेश आगम का यही इक साधु सच्चे हैं ॥ टेक
महाव्रत पंच का धारें, समिति पांचों को ये पालें ।
करें वश इन्द्रियां सारी, यही इक साधु सच्चे हैं ॥ १
विषय आशा नहीं इनके, न कुछ आरंभ से मतलब ।
हैं ज्ञान अरु ध्यान के धारी, यही एक साधु सच्चे हैं ॥ २
ये कंचन कांच सम जानें, मित्र वैरी को इक मानें ।
तजें रागादि दुखकारी यही इक साधु सच्चे हैं ॥ ३
परम दशा लक्षणी धारें विचारें भावना बारह ।
परीसह भी सहैं सारी, यही इक साधु सच्चे हैं ॥ ४
इन्हीं को सतगुरु मानो, इन्हीं का ध्यान उर आनो ।
इन्हीं की भक्ति शिवकारी, यही इक साधु सच्चे हैं ॥५

भजन ७

चाल-[जिन धर्म का डंका आलम में]

नर जन्म सफल यह आज हुवा, महाराज का दर्शन पाने से ।
सब हर्षित जैन समाज हुवा, गुरु चरणन शीस नमाने से ॥टेक
आचार्य जो शान्ती सागर हैं ये शान्ति सुधा के सागर हैं ।
हैं और सभी आदर्श मुनी, निज शुद्धाचार निभाने से ॥ १
ये पांच महाव्रत धारी हैं, मुनिराज महा उपगारी हैं ।
रागादिक दोष निवार दिये, निज आतम ध्यान लगाने से ॥ २
आरंभ परिग्रह त्याग दिए, विषयों की आश नहीं इनके ।

नित ज्ञान ध्यान तप लीन रहें, मतलब नहीं और जमाने से ॥
ये कंचन कांच समान लखें अरि मित्र जु सुख दुख एक गिने
निन्दा से नाराज न होते, नहीं खुश होते रिझाने से ॥ ४
मुनिराज चरण नित चित्त रखो विसरो न घड़ी पल रात्रि अहो
हो निश्चय से उद्धार तेरा, शिवराम गुरु गुण गाने से ॥ ५

भजन ८

चाल-[हमारे ऋषियों के पाक जीवन]

सफल हुवा है हमारा जीवन, मिले मुनीश्वर गुणों के सागर ।
सप्त ऋषीश्वर महायतीश्वर यहां पधारे कृपा के सागर ॥टेक
आचार्य हैं श्री शांति सागर, महा तपस्वी ये शांत मूरत ।
विषय कषाय न लेश जिनके, परम हितैषी दया के सागर ॥१
हैं वीर सागर ये वीर सच्चे, परीसहों से न नेक डरते ।
बड़ी कठिन हैं तपस्या करते, महा मुनि नमि नेम सागर ॥ २
ये कुंथु सागर वचन सुधा से हैं, भव्य जीवों को तृप्त करते ।
श्रुति सिंधु मुनि तप तेजधारी, महा प्रतापी हैं चन्द्र सागर ॥३
ये सप्त ऋषीश्वर गुरु हमारे पुण्योदय से यहां पधारे ।
शिवराम तारण तरण पाकर, तिरा न क्यों भव अपार सागर ॥

भजन ९

चाल-[भजन बिन बावरे]

हम उनके हैं दास जिन्होंने मन मार लिया ॥ टेक

—

तज आडम्बर भए दिगम्बर, जीते विषय कषाय ।
ज्ञान ध्यान तप लीन रहें जे, आतम जोति जगाय ॥ जिन्होंने०
क्रोध लोभ के भाव निवारे, मारे काम क्रूर ।
माया विषकी बेल उपाड़ी, मान किया चकचूर ॥ २
कंचन कांच बराबर जिनके वैरी मीत समान ।
सुःख दु ख जीवन मरण एक सम, मानें महल मसान ॥ ३
तप की तोप ज्ञान का गोला, लेय क्षमा तलवार ।
मोह महारिपु मार पछाड़ा, आतम बलको सम्हार ॥ ४
उनही जैसी चर्या जिस दिन, हो मेरी शिवराम ।
ता दिनकी बलिहारी जाऊं, भेटैं गुरु गुणधाम ॥ ५

भजन १०

चाल—[उसका सदा भला करे]

हे शान्ति सिन्धु तुम शरण, हम पै गुरु दया करो ।
गहे तुम्हारे हैं चरण, अब तो महर ज़रा करो ॥ टेक
विषय कषाय दुष्ट ये, हाय मुझे सता रहे ।
मेरी यही है प्रार्थना, इनसे मुझे रिहा करो ॥ १
तुम आत्म बलके हो धनी, कषाय सेना है दली ।
शक्ति मुझे भी दीजिए, इतनी प्रभो कृपा करो ॥ २
तुम तो दया निधान हो, महा गुणों की खान हो ।
मैं दुष्ट पापी हूं अधम, अपराध मम क्षमा करो ॥ ३

गुरू देव के प्रसाद से गज भील चोर तर गये ।
हे दीन के दयाल तुम, मेरी न क्यों व्यथा हरो ॥ ४
शिवराम आ गही शरण मिटादो मेरो भव तपन ।
टुक शान्ति नीर दीजिए, शान्ति सुधा सरो वरो ॥ ५

भजन ११

चाल [दिए दुख ये फलक ने भारी]

आए हैं शरण तुम्हारी स्वामी मेटा जी विपद हमारी ॥ टेक

लख चौरासी भटक चुके हैं चहुंगन के दुःख भुगत चुके हैं ॥
कथा न जाए उचारी । स्वामी ॥ १
देव-धरम गुरू नहिं पिछाने निज नहीं जाना पर निज माने ॥
हुई हमारी ख्वारी ॥ २ ॥
ना तुम रागी ना तुम द्वेषी, हो तुम सच्चे हित उपदेशी ।
महिमा तुम्हारी न्यारी ॥ ३ ॥
भव्य जनों के संशय टारे, बहुत अधम जन तुमने उभारे ।
सब जीवन हितकारी ॥ ४ ॥
हे मुनिनाथ कृपा अब कीजे, हैं शिवराम शरण रख लीजे ।
तुम गुरु पर उपकारी ॥ ५ ॥

हमारी पुस्तकें ।

शिवराम पुष्पांजली अङ्क १–यह पुस्तक पहिले शिवराम भजन संग्रह के नाम से छप चुकी है इसमें प्रायः सब विषयों के उत्तमोत्तम भजन हैं समाप्त होजाने के कारण दुबारा संशोधन करके सुन्दर टाइप उत्तम कागज पर छपाई गई है अन्त में श्री महावीर स्वामी की चित्ताकर्षक आरती भी छपी है । मूल्य मात्र =)

शिवराम पुष्पांजली अङ्क २–यह पुस्तक पहिले वीर पुष्पांजली नामसे छपी थी सो समाप्त हो चुकी है दूसरी आवृत्ति शीघ्र प्रकाशित होगी अबकी बार उस में और अधिक भजन बढ़ाए जायंगे ।

शिवराम पुष्पांजली अङ्क ३–इसमे नई तर्ज पर धर्म प्रचार जाति सुधार तथा खद्दर आदि स्वदेश प्रेम के भी उत्तमोत्तम भजन छपे हैं कागज टाईप आदि सर्वोत्तम है । मूल्य =)॥

मुनिसंघ भजनावली- जिसमें श्री आचार्य संघ की भक्ति के उत्तम भजन छपे हैं । मूल्य)॥

नोट–इकट्ठी पुस्तक मंगाने वालों का २५) सैंकड़ा कमीशन दिया जायगा थोड़ी पुस्तक मंगाने वाले महाशयों को टिकट भेजने में लाभ रहेगा । खास कर मुनीसंघ भजनावली की थोड़ी पुस्तक मंगाने वालों को टिकट भेजने आवश्यक है । शिवराम पुष्पांजली के और अङ्क भी क्रमशः प्रकाशित होंगे तथा बाल शिक्षा की पुनरावृत्ति छपाने का भी विचार है ।

निवेदक—मास्टर शिवराम सिंह जैन शिक्षा प्रचारक रोहतक ।

जैन-जीवन-संगीत ।

प्रकाशक—

कन्छेदीलाल फूलचन्द जैन,

जैन-साहित्य-मन्दिर

सागर [म० प्र०]

जैन-जीवन-संगीत ।

मुनि-आहार-विधि ।

(कविवर भैया भगोतीदास कृत)

अरहँत सिद्ध चितार चित, आचारज उवझाय ।
साधु सहित बंदन करों, मन वच शीस नवाय ॥ १ ॥
दोष छियालिस टारकैं, मुनि जो लेहि अहार ॥
नाम कथन ताके कहूं, जिन आगम अनुसार ॥ २ ॥

अस्थि चर्म सूके अरु हरे । दृष्टि देख भोजन परिहरे ॥
उखलो खांडे चक्को चलै । शिलापिसनो देखत टलै ॥३॥
गोबर थापै माटी खुदै । कोरे वस्त्र धोइ जो हुवै ॥
चूल्हा जरतो नयन निहार । ता घर मुनि नहिं लेहि अहार ॥४॥
शिरहि नहातो देखै कोय । सीस कघई करतो होय ॥
कच्चे पानी परसै अंग । ता घरतें मुनि फिरहिं अभंग ॥५॥
करवो मांड़ो दीसै कहीं । छुनो फाटो है जो तहीं ॥
देत बुहारी दृष्टिहि परै । ताघर मुनि आयेतैं फिरै ॥६॥
अन्नादिक सूकत को धरै । मिथ्याती भेटै तिहँ घरै ॥
ओटै कोय कपास निहार । ताघर मुनि फिर जाहि विचार ॥७॥
मोटै पाक स्वान मंजार । रोमकंबल परसन परिहार ॥
अग्निदाह जो दृष्टिहि परै । रोवन सुने अहार न करै ॥८॥
प्रतिमा भंग सुनै जे कान । शास्त्र जरै इम सुनै सुजान ॥
प्रतिमा हरी भयो भयजोर । ता घर आये फिरहि किशोर ॥९॥
बिन धोये पट पहिरे होय । पड़गाहै श्रावक जो कोय ॥
ता कर लेय अहार न साध । अशुचिदोष लागे अपराध ॥१०॥
कर्कश वचन सुनहि विकराल । विनय हीन जो हो अदयाल ॥
लागै चोट ललाटहि पेख । फिरहि साधु छुदित नर देख ॥११॥
विकलत्रय आवै तिहँ ठौर । नख केशादि अपावन और ॥

पानी बूंद परे आकास। ता घर मुनि फिरजाहिं विमास ॥१२॥
खाज सहित रोगी नर देख। पीव बहत पीड़ित पुनि पेख ॥
लोहू दृष्टि परे जो कहीं। तो मुनि असन लेनके नहीं ॥१३॥
मांसादिक मल दृष्टिहि परै। कंद रु मूल मृतक परिहरै ॥
फल अरु बीज होंय तिहँ ठौर। तो मुनि लेहि न एको कौर ॥१४॥
ऐसे दोष छियालिस हीन। तजहिं ताहि संयमि परवीन ॥१५॥
उत्तम कुल श्रावक को जान। द्वारापेखन शुद्ध प्रमान ॥
विनयवंत प्राशुक कर नीर। बोलै तिष्ठ स्वामि जगवीर ॥ १६॥
ताघर दृष्टि विलोकहि साध। यहां न कोउ लागै अपराध ॥
तब तिहँ मंदिर में अनुसरे। प्रासुक भूमि निरख पग धरै ॥१७॥
श्रावक जो प्राशुक आहार। कीन्हों दोष छियालिस टार ॥
निजहित पापनको परचार। ता पहिलें कछु भिन्न निकार ॥१८॥
द्वै करजोर मुनीश्वर लेहि। श्रावक निजकरसों तिहँ देहि ॥
पुनिकर फेर नीर को धरे। प्रासुकजल तिहँ करमे करे ॥१९॥
लेय अहार नीर तिहँ ठौर। जिनकल्पी उत्तम शिरमौर ॥
थिवरकलिको है यह चाल। दोऊ मुनिवर दीनदयाल ॥२०॥
दोऊ बनवासी निर्ग्रन्थ। दोऊ चलहिं जिनेश्वर पंथ ॥
दोऊ जपतप किरया करे। दोऊ अनुभव हिरदे धरै ॥२१॥
जिनकल्पी एकाकी रहै। थिवरकलिप शिष्यशाखा गहै ॥
अट्ठाईस मूलगुण सार। आपसाधु पालहिं निरधार ॥२२॥
षष्टम अरु सप्तम गुण थान। दोऊ रहै परम परधान ॥
पूरव कोटि वरष वसु घाट। उतकृष्ट वरतै यह बाट ॥२३॥
केवलज्ञान दोऊ उपजाय। पंचमि गतिमें पहुँचें जाय ॥
सुख अनंत विलसै तिहँ ठौर। तातैं कहैं जगत शिर मौर ॥२४॥
सम्वत सत्रह से पंचास। जेठ सुदी पंचमि परकाश ॥
भैया बंदत मन हुलास। जय जय मुकति पंथ सुखवास ॥२५॥

बाईस-परीषह।

छप्पय—क्षुधा तृषा हिम उष्ण दंशमंशक दुःखभारी। निरावरण तन अरति खेद उपजावत नारी॥ चर्या आसन शयन दुष्टवायक बधबंधन। याचैं नहीं अलाभ रोग तृण परस होय तन। मल जनित मानसन्मनि वश प्रज्ञा और अज्ञानकर। दर्शन मलीन बाईस सब साधु परीषह जान नर॥

दोहा—सूत्र पाठ अनुसार ये, कहे परीषह नाम।
इनके दुख जे मुनि सहैं, तिन प्रति सदा प्रणाम॥

१ क्षुधापरीषह—अनशन ऊनोदर तप पोषत पक्ष मास दिन बीत भये हैं। जो नहिं बने योग्य भिक्षा विधि सूख अंग सब शिथिल भये हैं॥ तब भी दुस्सह भूख वेदना साधु सहैं नहिं नेक नये हैं। तिनके चरण कमलप्रति, प्रतिदिन, हाथ जोड़ हम शीस नये हैं॥

२ तृषा परीषह—पराधीन मुनिवरकी भिक्षा परघर लेंय कहैं कछु नाहीं। प्रकृति विरुद्ध पारणा भुंजत बढ़त प्यासकी त्रास तहां ही॥ ग्रीषमकाल पित्त अति कोपे लोचन दोय फिरैं जब जाहीं। सहैं तृषा ते साधु सदा ही, जयवन्तो वर्तो जग मांहीं॥

३ शीत परीषह—शीतकाल सब ही जन कम्पैं खड़े जहां वन वृक्ष डहे हैं। झंझा वायु वहे वर्षा ऋतु वर्षत बादल झूम रहे हैं॥ तहां धार तटिनी तट चौपट ताल पाल पर कर्म दहे हैं। सहैं सम्हाल शीत की बाधा ते मुनि तारण तरण कहे हैं॥

४ उष्ण परीषह—भूख प्यास पीड़े उर अन्तर प्रजुलै आंत देह सब दागे। अग्नि स्वरूप धूप ग्रीषमकी ताती वायु झालसी लागे॥ तपै पहाड़ ताप तन उपजै कोप पित्त दाहज्वर जागे। इत्यादिक गर्मीकी बाधा सहैं साधु धीरज नहिं त्यागें॥

५ दंशमशक परीषह—दंशमशक माखी तन काटैं पीड़ैं वन पक्षी बहुतेरे। डसैं व्याल विषहारे बिच्छू लगैं खजूरे आन घनेरे॥ सिंघ स्याल शुण्डाल सतावें रीछ रोज दुख देंय घनेरे। ऐसे कष्ट सहैं समभावन ते मुनिराज हरैं अघ मेरे।

६ नग्न परीषह—अन्तर विषय वासना वर्त्तै बाहिर लोकलाज भय भारी। तातैं परम दिगम्बर मुद्रा धर नहिं सकैं दीन संसारी॥ ऐसी दुर्द्धर नगन परीषह जीतैं साधु शील व्रतधारी। निर्विकार बालक वत निर्भय तिनके पायन धोक हमारी॥

७ अरति परीषह—देश कालको कारण लहिके होत अचैन अनेक प्रकारैं। तब तो खिन्न होंय जगवासी कलमलाय थिरता-पन छाड़ैं। ऐसी अरति परीषह उपजत तहां धीर धीरज उर धारैं। ऐसे साधुनको उर अन्तर बसो निरन्तर नाम हमारे॥

८ स्त्री परीषह—जे प्रधान केहरि को पकड़ैं पन्नग पकड़ पान से चाबैं। जिनकी तनक देख भौं बांकी कोटिन सूर दीनता जापैं॥ ऐसे पुरुष पहाड़ उठावन प्रलय पवन त्रिय वेद पयापैं। धन्य धन्य ते साधु साहसी मन सुमेरु जिनको नहिं कांपै॥

९ चर्य्या परीषह—चार हाथ परिमाण निरख पथ चलत दृष्टि इत उत नहिं तानैं। कोमल चरण कठिन धरती पर धरत धीर बाधा नहिं मानैं। नाग तुरङ्ग पालकी चढ़ते ते सर्वाद हृदय नहिं आनैं। यों मुनिराज सहैं चर्य्या दुख तब दृढ़ कर्म्म कुलाचल भानैं॥

१० आसन परीषह—गुफा मशान शैल तरु कोटर निवसैं जहां शुद्ध भू हेरैं। परिमित काल रहैं निश्चल तन बारबार आसन नहिं फेरैं॥ मानुषदेव अचेतन पशु कृत बैठे विपत आन जब घेरैं। ठौर तजैं नहि स्थिर होवें ते गुरु सदा बसो उर मेरे॥

११ शयन परीषह—जे महान सोनेके महलन सुन्दर सेज सोय सुख जोवैं। ते अब अचल अङ्ग एकासन कोमल कठिन भूमिपर

सोवैं ॥ पाहन खण्ड कठोर कांकरी गड़त कोर कायर नहिं होवैं। ऐसी शयन परीषह जीतत ते मुनि कर्म कालिमा धोवैं ॥

१२ आक्रोश परीषह—जगत् जीव सम्पूर्ण चराचर सबके हित सबको सुखदानी। तिन्हें देख दुर्वचन कहें शठ पाखण्डी ठग यह अभिमानी। मारो याहि पकड़ पापीको तपसी भेष चोर है छानी। ऐसे वचन बाण की बिरियां क्षमा ढाल ओढ़ैं मुनि ज्ञानी ॥

१३ वध बन्धन परीषह—निरपराध निर्वैर महामुनि तिनको दुष्ट लोग मिल मारें। कोई खेंच खम्भसे बांधें, कोई पावक में परजारैं ॥ तहां कोप करते न कदाचित पूरब कर्म विपाक विचारैं। समरथ होय सहैं वध बंधन ते गुरु सदा सहाय हमारैं ॥

१४ याचना परीषह—घोर वीर तप करत तपोधन भये क्षीण सूखी गलबांहीं। अस्थिचाम अवशेष रहे तनु नसा जाल झलकै जिस माहीं ॥ औषधि असन पान इत्यादिक प्राण जांय पर याचित नांहीं। दुर्द्धर अयाचीक व्रत धारैं करहिं न मलिन धर्म परछांहीं ॥

१५ अलाभ परीषह—एकबार भोजनकी बिरियां मौन साध बस्तीमें आवैं। जो नहि बने योग्य भिक्षा विधि तो महन्त मन खेद न लावैं। ऐसे भ्रमत बहुत दिन बीतें तब तप वृद्ध भावना भावैं। यों अलाभकी परम परीषह सहैं साधु सोही शिव पावैं ॥

१६ रोग परीषह—वात पित्त कफ श्रोणित चारों ये जब घटैं बढ़ैं तनु मांहीं। रोग संयोग शोक तब उपजत जगत् जीव कायर हो जाहीं ॥ ऐसी व्याधि वेदना दारुण सहैं सूर उपचार न चाहीं। आतमलीन विरक्त देहसों जैन यती जिन नेम निवाहीं ॥

१७ तृणस्पर्श परीषह—सूखे तृण अरु तीक्षण कांटे कठिन कांकरी पांय विदारैं। रज उड़ आन पड़ै लोचनमें तीर फांस तनु पीर विथारैं ॥ तापर पर सहाय नहि वांछत अपने कर सों काढ़ न डारैं। यों तृणपरस परीषह विजयी ते गुरु भव भव शरण हमारैं ॥

१८ मल परीषह—जीवन भर जल न्हौन तजो जिन नग्न रूप बन थान खड़े हैं। चले पसेव धूप की बिरियां उड़त धूल सब अंग भरे हैं॥ मलिन देहको देख महा मुनि मलिन भाव उर नाहिं करे हैं। यो मल जनित परीषह जीतें तिन्हें पाय हम सीस धरे हैं॥

१९ सत्कार तिरस्कार परीषह—जे महान् विद्यानिधिविजयी चिर तपसी गुण अतुल भरे हैं। तिनकी विनय वचन सों अथवा उठ प्रणाम जन नाहिं करे हैं॥ तो मुनि तहां खेद नहिं मानत उर मलीनता भाव हरे हैं। ऐसे परम साधुके अहिनिशि हाथ जोड़ हम पाँय परे हैं॥

२० प्रज्ञा परीषह—तर्क छन्द व्याकरण कलानिधि आगम अलङ्कार पढ़ जानें। जाकी सुमति देख परवादी विलखे होय लाज उर आनें॥ जैसे सुनत नादि केहरि की बन गयन्द भाजत भय मानें। ऐसी महा बुद्धि के भाजन ये मुनीश मद रंच न ठानें॥

२१ अज्ञान परीषह—सावधान वर्तें निशिवासर संयम शूर परम वैरागी। पालत गुप्ति गये दीर्घ दिन सकल संग ममता पर त्यागी॥ अवधिज्ञान अथवा मनपर्यय केवल ऋद्धि आज नहिं जागी। यों विकल्प नहिं करें तपोधन सो अज्ञान विजयी बड़भागी॥

२२ अदर्शन परीषह—मैं चिरकाल घोर तप कीने अजों ऋद्धि अतिशय नहिं जागे। तप बल सिद्धि होत सब सुनिये सो कुछ बात झूंठसी लागे॥ यों कदापि चित मे नहिं चिन्तत समकित शुद्ध शान्ति रस पागे। सोई साधु अदर्शन विजयी ताके दर्शन से अघ भागे।

किस कर्म के उदय से कौन परीषह होती है—

(कवित्त)

ज्ञानावरणी से दोय प्रज्ञा औ अज्ञान होय, एक महा मोहतें अदर्शन बखानिये। अन्तराय कर्म सेती उपजे अलाभ दुख,

सप्त चारित्र मोहनी केवल सुजानिये ॥ नगन निषद्यानारी मान सन्मान गारि, याचना अरति सब ग्यारह ठीक ठानिये । एकादश बाकी रहीं वेदना उदय से कहो, बाईस परीषह उदय ऐसेउर आनिये ।

अडिल्ल छन्द—एकवार इन माहिं एक मुनिके कहो । सब उन्नीस उत्कृष्ट उदय आवें सही ॥ आसन शयन विहार दोइ इन माहिकी । शीत उष्ण में एक तीन ये नाहिं की ॥

बारहमासा–श्रीमुनिराजजी का ।

राग मरहटी ।

मैं बन्दू साधु महन्त बड़े गुणवन्त सभी चित्तलाके ।
जिन अथिर लखा संसार बसे बन जाके ॥ टेक ॥

चित चैत में व्याकुल रहे, काम तन दहे, न कुछ बन आवे । फूली बनराइ देख मोह भ्रम छावे । जब शीतल चले समीर, स्वच्छ हो नीर भवन सुख भावे । किस तरह योग योगीश्वर से बनआवे ॥

(झड़) तिस अवसर श्रीमुनि ज्ञानी, रहैं अचल ध्यान में ध्यानी । जिन काया लखी पयानी । तन अदृढ खाक समजानी ॥ उस समय धीर धर रहैं, अमर पद लहैं, ध्यान शुभ ध्याके । जिन अथिर लखा संसार बसे बन जाके ॥१ ।

जब आवत है बैसाख, होय तृण खाक, तपन से जलके । सब करें धाम विश्राम पवन झलझलके ॥ ऋतु गर्मीमें संसार, पहिन नर नार वस्त्र मलमलके । वे जलसे करते नेह जो हैं जो थलके ॥

(झड़)—जिस समय मुनी महराजे, तन नगन शिखर गिर राजे । प्रभु अचल सिंहासन राजे, कहो क्यों न कर्म दल लाजे । जो घोर महा तप करैं, मोक्षपद धरैं, बसैं शिव जाके ॥ २ ॥ जिन०

जब पड़े ज्येष्ठमें ज्वाला, होय तन काला धूपका मारी । घर बाहर पग नहिं धरे कोइ घरवारी ॥ पानीसे छिड़कैं धाम, कर

विश्राम सकल नर नारी। घर खसकी टटिया छिपें लूहकी मारी॥
(झड)—मुनिराज शिखिर गिर ठाड़े दिन रैन ऋद्धि अति बाढ़े। अति तृषा रोग भय बाढ़े, तब रहैं ध्यानमें गाढ़े॥ सब सूखे सरवर नीर, जलै शरीर, रहैं समभाके॥ ३॥ जिन०

आषाढ़ मेघका जोर, बोलते मोर, गरजते बादल। चमके बिजली कड़ कड़े पड़े धारा जल॥ अति उमड़े नदियाँ नीर गहर, गम्भीर, भरे जलसे थल। भोगीको ऐसे समय पड़े कैसे कल॥
(झड)—उस समय मुनी गुणवन्ते, तरवर तट ध्यान धरन्ते॥ अति काटैं डांस अरु जन्ते, नहि उनका सोच करन्ते, वे काटैं कर्म जंजीर नहीं दिलगीर रहैं शिव पाके॥ ४॥ जिन०

श्रावणमें त्योंहार, झूलती नार, चढ़ो हिंडोले। वे गावें राग मलहार पहन नये चोले॥ जग मोह तिमिर मन बसे, सर्वजन कसे देन झकझोले; उस अवसर श्रीमुनिराज वचन हैं मोले॥
(झड)—वे तीनों रिपु से लरके, कर ज्ञान खड्ग ले करके। शुभ शुक्ल ध्यानको धरके, परफुल्लित केवल वरके॥ नहिं सहैं वो यमकी त्रास, लहैं शिव वास अज्ञान नशाके॥ ५॥ जिन०

भादव अँधियारी रात, सूझै नाहाथ, घुमड़ रहे बादर। बन मोर पपीहा कोयल बोलें दादुर। अति मच्छर भिन भिन करें, सांप फुंकरें, पुकारें थलचर। बहु सिंह बघेरा गज घूमैं बन अन्दर॥
(झड)—मुनिराज ध्यान गुण पूरे, तब काटैं कर्म अँकूरे। तनु लिपटत बान खजूरे, मधु मक्ख ततइयें भूरे॥ चिंटियोंने बिल तन करे, आप थिर खड़े, हाथ लटका के॥ ६॥ जिन०

आश्विनमें वर्षा गई, समय नहिं रही, दशहरा आया। रही नहिं वृष्टि अरु कामदेव लहराया॥ कामी नर करैं किलोल, बनावैं

डोल, करें मन भाया। हैं धन्य साधु जिन आतम ध्यान लगाया ॥

(झड़)—वसु याम योगमें भीने, मुनि अष्ट कर्म क्षय कीने। उपदेश सबनको दीने, भविजनको नित्य नवीने ॥ हैं धन्य धन्य मुनिराज, ज्ञानके ताज, नमूं शिर नाके ॥ ७ ॥ जिन०

कार्तिकमें आया शीत, भई विपरीत, अधिक शरदाई। संसारी खेलें जुआ कर्म दुखदाई ॥ जग नर नारी का मेल, मिथुन सुख केल, करें मन भाई। शीतल ऋतु कामी जनको है सुखदाई ॥

(झड़)—जब कामी काम कमावें, मुनिराज ध्यान शुभ ध्यावें। सरवर तट ध्यान लगावें, सो मोक्ष भवन सुख पावें ॥ सुनि महिमा अपरम्पार न पावै पार कोई नर गाके ॥ ८ ॥ जिन०

अगहनमें टपके शीत यही जगरीत, सेज मन भावे। अति शीतल चलें समीर देह थर्रावे ॥ शृङ्गार करे कामिनी, रूप रस ठनी, साम्हने आवे। उस समय कुमतिवश सबका मन ललचावे ॥

(झड़)—योगीश्वर ध्यान धरे हैं, सरिताके निकट खरे हैं, वहां ओले अधिक परे हैं, मुनि कर्मका नाश करे हैं। जब पड़े बर्फ घनघोर, करें नहिं शोर, जगो दृढ़ताके ॥ ९ ॥ जिन०

यह पौष महीना भला, शीतमें घुला, काँपती काया। वे धन्य गुरू जिन इस ऋतु ध्यान लगाया ॥ नरनारी घरमें छिपें, वस्त्र तन लिपें, रहें जैड़ाया। तज वस्त्र दिगम्बर हो मुनि ध्यान लगाया

(झड़)—जलके तट जग सुखदाई, महिमा सागर मुनिराई। धर धीर खड़े हैं भाई, निज आतम से लवलाई ॥ है यह संसार असार, वे तारणहार, सकल वसुधाके ॥ १० ॥ जिन०

है माघ वसन्त बसन्त, नार अरु कन्थ, युगल सुख पाते। वे पहिने वस्त्र वसन्त फिरें मदमाते ॥ जब चढ़े मदनकी सैन, पड़े नहिं चैन, कुमति उपजाते। हैं बड़े धीर जन बहुधा वे डिग जाते ॥

(झड़)—तिस समय जु हैं मुनि ज्ञानी, जिन काया लखी

पयानी । भव डूबत बोधे प्राणी, जिन ये वसन्त जिय आनी ॥ चेतन सो खेलें होरी, ज्ञान पिचकारी, योग जल लाके ॥११॥ जिन०

जबलगे महीना फाग करें अनुराग, सभी नरनारी। ले फिरे फेंटमें कर गुलाल पिचकारी ॥ अब श्रीमुनिवर गुणखान अचल धर ध्यान, करें तप भारी। कर शील सुधारस कर्मन ऊपर डारी ॥

(झड़)—कीर्ति कुम कुमें घनावें, कर्मोंसे फाग रचावें। जो बारामासा गावें, सो अजर अमर पद पावें ॥ यह भाषै जीया-लाल, धर्म गुणमाल, योग दर्शाके ॥ १२ ॥ जिन अथिर लखा०

बारहमासा–राजुल।

राग मरहटी [झड़ी]

मैं लूंगी श्रीअरहन्त, सिद्ध भगवन्त, साधु सिद्धान्त चारका सरना।
निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना ॥ टेक

आषाढ़ मास (झड़ी)

सखि आया अषाढ़ घन घोर, मोर चहुंओर, मचा रहे शोर इन्हें समझावो। मेरे प्रीतम की तुम पवन परीक्षा लावो ॥ हैं कहां मेरे भरतार, कहां गिरनार, महाव्रत धार वसे किस बन में। क्यों बांध मोड़ दिया तोड़ क्या सोची मन में ॥

(झर्वट)—न जारे पपैया जारे, प्रीतमको दे समझारे। रहिंगो भव संग तुम्हारे, क्यों छोड़ दई मझधारे ॥

(झड़ी)—क्यों बिना दोष भये रोष, नहीं सन्तोष, यही अफसोस बात नहिं बूझो। दिये जादों छप्पन कोड़ छोड़ क्या सूझो। मोहिं राखो शरण मंझार, मेरे भर्तार, करो उद्धार, क्यों दे गये झुरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—

श्रावण मास (झड़ी)

सखि श्रावण संवर करे, समन्दर भरे, दिगम्बर धरे क्या

करिये। मेरे जी में ऐसी आवे महाव्रत धरिये। सब तजूं हार श्रृंगार, तजूं संसार, क्यों भव मंझार में जी भरमाऊं। फिर पराधीन तिरिया का जन्म नहिं पाऊं ॥

(झर्बटैं) सब सुन लो राजदुलारी। दुख पड़गया हम पर भारी। तुम तज दो प्रीति हमारी--कर दो संयम की त्यारी ॥

(झड़ी)—अब आगया पावस काल, करो मत टाल, भरे सबताल महा जल बरसै। बिन परसे श्रीभगवन्त मेरा जी तरसे। मैं तज दई तीज सलौन, पलट गई पौन, मेरा है कौन मुझे जग तरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना ॥

भादों मास (झड़ी)

सखि भादों भरे तलाव, मेरे चितचाव, करूंगी उछाव से सोलहकारण। करूं दसलक्षण के व्रत से पाप निवारण। करूं रोटतीज उपवास, पञ्चमी अकास, अष्टमी खास निशल्य मनाऊं। तपकर सुगन्ध दशमी को कर्म जलाऊं ॥

(झर्बटैं)--सखि दुद्धर रस की धारा। तजिहार चार परकारा। करूं उग्र उग्र तप सारा। ज्यों होय मेरा निस्तारा।

(झड़ी)—मैं रत्नत्रय व्रत धरूं, चतुर्दशी करूं, जगत् से तिरूं करूं पखवाड़ा। मैं सब से क्षमाउं दोष तजूं सब राड़ा। मैं सातों तत्व विचार, के गाऊं मलहार, तजा संसार तो फिर क्या करना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—

आसौज मास (झड़ी)

सखि आया मास कुंवार, लो भूषण तार, मुझे गिरनार की दे दो आज्ञा। मेरे पाणिपात्र आहार की है परतिज्ञा। लो तार ये चूड़ामणी, रतन की कणी, सुनों सब जड़ी खोल दो बैनी। मुझको अवश्य भरतारहि दीक्षा लैनी ॥

(झर्वटें)—मेरे हेतु कमण्डलु लावो। इक पीछी नई मँगावो। मेरा मन जी भरमावो। मम सूते कर्म जगावो॥

(झड़ी)—है जगमें असाता कर्म, बड़ा बेशर्म, मोह के भ्रमसे धर्म न सूझै। इसके वश अपना हित कल्याण न बूझै। जहां मृग तृष्णा की धूर, वहां पानी दूर भटकता भूर कहां जल झरना॥ निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—

कार्त्तिक मास (झड़ी)

सखि कातिक काल अनन्त, श्रीअरहन्त की सन्त महन्तने आज्ञा पाली। धर योग यत्न भव भोगकी तृष्णा टाली। सजे चौदह गुण अस्थान, स्वपर पहचान, तजे कमकान महल दिवाली। लगी उन्हें मिष्ट जिन धर्म अमावस काली॥

(झर्वटें)—उन केवल ज्ञान उपाया। जगका अन्धेर मिटाया। जिसमें सब विश्व समाया। तन धन सब अथिर बताया॥

(झड़) है अथिर जगत् सम्बन्ध, अरी मतिमन्द, जगत्का अन्ध है धुन्ध पसारा। मेरे प्रीतमने सत जानके जगत् बिसारा। मैं उनके चरणकी चेरी तू आज्ञा देरी, सुनले मा मेरी है एक दिन मरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना—

अगहन मास (झड़ी)

सखि अगहन ऐसी घड़ी, उदै में पड़ी मैं रहगई खड़ी दरस नहिं पाये। मैंने सुकृत के दिन विरथा यौंही गँवाये।

नहिं मिले हमारे पिया, न जप तप किया, न संयम लिया अटक रही जगमें। पड़ी काल अनादिसे पापकी बेड़ी पग में॥

(झर्वटें)—मन भाग्यो माँग हमारी। मेरे शीलको लागेगारी। मत डारो अञ्जन प्यारी। मैं योगन तुम संसारी॥

(झड़ी)—हुये कन्त हमारे जती, मैं उनकी सती, पलट गई रती तो धर्म नहि खण्डूं। मैं अपने पिताके वंशको कैसे भंडूं।

मैं प्रबड़ा शील सिङ्गार, अरी नथ तार, गये भर्त्तारके संग आभरणा।
निर्मम नेम बिन हमें जगत क्या करना—

पौष मास (झड़ी)

सखि लगा महीना पौह, ये माया मोह, जगत्से द्रोह रु प्रीत करावै। हरै ज्ञानावरणी ज्ञान अदर्शन छावैं। पर द्रव्यसे ममता हरै, तो पूरी परैं, जु सम्बर करैं तो अन्तर टूटै। अस ऊंच नीच कुल नामकी संज्ञा छूटैं॥

(झर्वट)—क्यों ओछी उमर धरावे। क्यों सम्पतिको बिलखावै। क्यों पराधीन दुःख पावैं ; जो संयममें चित लावै॥

(झड़ी)-सखि क्यों कहलावें दीन, क्यों हो छवि छीन, क्यों विद्याहीन मलीन कहावें। क्यों नारि नपुंसक जन्ममें कर्म नचावें। वे तजें शील शृंङ्गार, रुले संसार, जिनें दरकार नरकमें पड़ना। निर्मम नेम बिन हमें जगत क्या करना

माघ मास (झड़ी)

सखि आगया माह बसन्त, हमारे कन्त, भये अरहन्त वो केवल ज्ञानी। उन महिमा शील कुशीलकी ऐसी बखानी। दिये सेठ सुदर्शन सूल, भई मखतूल, वहां बरसे फूल हुई जयवाणी। वे मुक्ति गये अरु भई कलङ्कित राणी॥

(झर्वट)- कीचकने मन ललचाया। द्रुपदीपर भाव धराया। उसे भीमने मार गिराया। उन किया जैसा फल पाया॥

(झड़ी) फिर गहा दुर्योधन चीर, हुई दलगीर, गई जुड़ भीर लाज अति आवे। गये पान्डु जुयेमें हार न पार बसावै। भये परगट शासन वीर, हरी सब पीर, बन्धाई धीर पकर लिये चरना। निर्मम नेम बिन हमें जगत क्या करना—

फागुन मास (झड़ी)

सखि आया फागुन बड़भाग, तो हारी त्याग, अठान्ही लाग के

मैनासुन्दर। हरा श्रीपालका कुष्ट कठोर उदम्बर। दिया धवल सेठने डार, उदधि की धार, तो हो गये पार वे उसही पल में। अरु जा रणी गुण माल नडूबे जल में॥

(झर्वटें)—मिली रैन मंजूषा प्यारी। जिन ध्वजा शील कीधारी। परी सेठ पै मार करारी। गया नर्क में पापाचारी॥

(झड़ी) तुम लखो द्रौपदी सती, दोष नहिं रती कहें दुर्मती पद्म के बन्धन। हुआ धातकी खण्ड जरूर शील इस खंडन। उन फूटे घड़े मंझार, दिया जल डाल, तो वे आधार थमा अरु झरना। निर्मम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—

चैत्रमास (झड़ी)

सखि चैत्र में चिन्ता करे, न कारज सरे, शील से टरे कर्मकी रेखा। मैंने शीलसे भीलका होता जगत् गुरु देखा। सखो शीलमें सुलसां तिरी, सुतारा फिरी, खलासी करी श्रीरघुनन्दन। अरु मिली शील परताप पवन से अञ्जन॥

(झर्वटें)—रावण ने कुमत उपाई। फिर गया विभीषण भाई। छिनमें जा लंक गमाई। कुछ भी नहिं पार बसाई॥

(झड़ी)—सीता सती अग्नि में पड़ी, तो उस ही घड़ी, वह शीतल पड़ी चढ़ी जल धारा। खिल गये कमल भये गगनमें जय जय कारा। पद पूजे इन्द्र धरेन्द्र, भई शीतेन्द्र, श्रीजिनेन्द्रने ऐसा बरना। निर्मम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—

वैशाख मास (झड़ी)

सखी आई वैसाखी मेख, लई मैं देख, ये ऊरध रेख पड़ी मेरे करमें। मेरा हुआ जन्म युही उग्रसेन के घरमें। नहिं लिखा करम में भोग, पड़ा है जोग, करो मत सोग जाऊं गिरनारी। मात पिता अरु भ्रात से क्षमा हमारी॥

(झर्वटें)—मैं पुण्य प्रताप तुम्हारे। घर भोगे भोग अपारे।

जो विधिके अङ्क हमारे। नहिं टरें किसी ; टारे॥

(झड़ी)—मेरी सखी सहेली बीर, न हों दलगीर, धरो चित धीर मैं क्षमा कराऊं। मैं कुलको तुम्हारे कबहुं न दाग लगाऊं। वह ले आज्ञा उठ खड़ी, थी मंगल घड़ी, बन में जा पड़ी सुगुरु के चरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—

जेठ मास (झड़ी)

अजी पड़ी जेठकी धूप, खड़े सब भूप, वह कन्या रूप सती बड़ भागन। कर सिद्धन का परणाम किया जग त्यागन। अजि त्यागे सब संसार, चूड़ियां तार, कमण्डलु धार कैलाई पिछोटी। अरु पहर के साड़ी श्वेत उपाटी चोटी॥

(झर्वटें) उन महाउग्र तप कीना। फिर अच्युतेन्द्र पद लीना। है धन्य उन्हींका जीना। नहिं विषयन में चित दीना॥

(झड़ी) अजी त्रिया वेद मिट गया, पाप कट गया, पुण्य बढ़ गया बढ़ा पुरुषारथ। करें धर्म अरथ फल भोग रचे परमारथ। वां स्वर्ग सम्पदा भुक्त, जायगी मुक्ति, जैन की उक्ति में निश्चय धरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना—

जो पढ़ें इसे नर नार, बढ़े परिवार, सब संसारमें महिमा पावें। सुन सतियन शील कथान विघ्न मिट जावें। नहिं रहैं दुहागिन दुखी, होंय सब सुखी, मिटें बेरुखी करें पति आदर। वे होंय जगत् में महा सतियों का आदर॥

(झर्वटें)—मैं मानुष कुल में आया। अरु जाति यती कहलाया। है कर्म उदय की माया। बिन संयम जन्म गँवाया॥

(झड़ी)—ग्राम संवत कविवंश नाम—

है दिल्ली नगर सुवास, वतन है खास, फाल्गुन मास अठाईं आठें। हां उन के नित कल्याण छपा कर बांटे। अजी विक्रम अब्द उनीस, पै धर पैंतीस, श्री जगदीश का लेलो शरणा। कहै दास नैनसुख दोष पर दृष्टि न धरना।

नेमि-व्याह।

(विनोदीलाल कृत)

(सवैया)

मौर धरो शिर दूलहके, कर कंकण बांध दई कस डोरी।
कुण्डल काननमें झलकें, अति भालमें लाल विराजत रोरी॥
मोतिनकी लड़ शोभित हैं, छवि देखि लजें बनिता सब गोरी।
लालविनोदी के साहिबको, मुख देखनको दुनियां उठ दौरी॥ १॥
छत्र फिरे शिर दूलहके, नव वांटत रत्न शिवादेवा मैया।
कृष्ण इतें बलभद्र उतें, कर ढोरत चम्र चले दोऊ भैया॥
भूप समुद्र विजै सब संग, चले वसुदेव उछाह करैया।
लाल विनोदीके साहिबको, बनिता सब ही मिलि लेत बलैया॥२॥
गोड़े गये जब नेम प्रभू, पशु पक्षिन खेंच पुकार करी है।
नाथसे नाथनके प्रतिपाल, दयाल, सुनो विनती हमरी है॥
बन्दि पड़े बिललांय सबै, बिन कारण आपद आनि परी है।
पूछत लाल विनोदीके साहिब, सारथी क्यों इन बन्दि भरी है॥३॥
सारथीने कर जोड़ कहा, सुन नाथ, इन्हें जु विदारेंगे अब।
यादव संग जुरे सबरे, तिन कारण ये सब मारेंगे अब॥
बच्चा इनके बनमें बिलपें, इनको यह आज संघारेंगे अब।
तातें तुमसे फरियाद करें, हमरी गति नाथ सुधारेंगे अब॥ ४॥
बात सुनी उतरे रथसे, पशु पक्षिनकी सब बन्दि छुड़ाई।
जाव सबै अपने थलको, हमरो अपराध क्षमा करो भाई॥
है धिक् जीवन यों जगमें, तबही प्रभु द्वादश भावना भाई।
देव लौकान्तिक आय गये, जिन धन्य कहैं सब यादव राई॥ ५॥
कौन करै प्रभु तो बिन यों, अरु को जगमें यह बात विचारे।
कौन तजे सुत बन्धु वधू, अरु को जगमें ममता निवारे॥

को वसु कर्मनि जीत सके, भवि आप तरे अरु औरन तारे।
लाल विनोदीके साहबने, यश जीत लियो जग जीतन हारे॥
नेम उदास भये जबसे, कर जोड़के सिद्धको नाम लयो है।
अम्बर भूषण डार दिये, शिर मोर उतारके डार दयो है।
रूप धरो मुनिको जबही, तब ही चढ़िके गिरिनार गयो है।
लाल विनोदीके साहिबने, तहां पंच महाव्रत योग ठयो है॥७॥
नेमकुमारने योग लयो, जब होनेको सिद्ध करी मन इच्छा।
या भवके सुख जान अनित्य, सो आदर एक उदण्डकी भिक्षा॥
नेह तजो घरबार तजो, अरु भोग [illegible] मन शिक्षा।
लाल विनोदीके साहिबके संग, भूप सहस्त्रहं तब दिक्षा॥८॥
काहूने जाय कहा-सुनि राजु, तेरो पिय गिरनारि चढ़ा है।
ये सुन भूमि पछार लई, मनु या [illegible] मन जाव कढ़ा है॥
सो उग्रसेनसे जाय कहा, सुन तात, पियाको अनर्थ गढ़ा है।
लाज सबै सुध भूल गई, पिय देखनको जु उछाह बढ़ो है॥९॥
लाड़ली क्यों गिरिनारि चढ़े, उस ही पति तुल्य सुधा वर लाऊं।
प्रोहित को पठवाऊं अबो, बहु भूपनके सब देश ढुंढाऊं॥
ब्याह रचौं फिरके तुम्हरो, महि मण्डलके सब भूप बुलाऊं।
लाल विनोदीके नाथ विना, यदुनन्दनको [illegible] तुम्हे [illegible] ॥१०॥
काहे न बात सम्हाल कहो, तुम जानत हो यह बात भली है।
गालियां काढ़त हो हमको, सुन तात भली तुम आन चली है।
मैं सबको तुम तुल्य गिनूं, तुम जानत ना यह बात रली है।
या भवमे पति नेमि प्रभू, वह लाल विनोदीको नाथ बली है॥११॥
मेरो पिया गिरनारि चढ़ो, सुनतात मैं [illegible] गिरिनार चढ़ोंगी।
संग रहों पियके वनमें, तिन ही पिय [illegible] नाम पढ़ोंगी॥
और न बात सुहाय कछू, पियकी गुणमाल हिये [illegible]।
कंत हमारे रचे शिवसे, शिव धामकोमें भी सिधाय चढ़ोंगी॥१२॥इति॥

सङ्कटहरण विनती।

हो दीनबन्धु श्रीपती करुणानिधान जी। अब मेरी विथा क्यों ना हरो बार क्या लगी॥ टेक॥ मालिक हो दो जहान के जिनराज आप ही। ऐबो हुनर हमारा कुछ तुमसे छिपा नहीं॥ बेज्ञान में गुनाह जो मुझसे बन गया सही। ककरी के चोर को कटार मारिये नहीं॥ हो दीन० १॥ दुख दर्द दिलका आप से जिसने कहा सही। मुश्किल कहर बहर से लई है भुजा गही॥ सब वेद औ पुराण में परमाण है यही। आनन्द कन्द श्रीजिनन्द देव है तुही॥ हो दीन० २॥ हाथी पै चढ़ी जाती थी सुलोचना सती। गंगा में गही ग्राहने गजराज की गती॥ उस वक्तमें पुकार किया था तुम्हें सती। भयटार के उभार लिया हो कृपापती॥ हो दीन० ३॥ पावक प्रचण्ड कुण्ड में उमण्ड जब रहा। सीता से सपथ लेने को जब राम ने कहा॥ तुम ध्यान धरके जानकी पग धारती तहां। तत्काल ही सर स्वच्छ हुआ कमल लहलहा॥ हो० ४॥ जबचीर द्रौपदीका दुशासनने था गहा। सबरे सभा के लोग कहते थे हहा हहा॥ उस वक्त भीर पीर में तुमने किया सहा। परदा ढका सती का सुयश जगत में रहा॥ हो० ५॥ सम्यक्त शुद्ध शीलवन्त चन्दनासती। जिसके नजीक लगती थी जाहिर रती रती। बेड़ीमें पड़ी थी तुम्हें जब ध्यावती हुती॥ तब वीरधीर ने हरी दुख द्वन्द की गती॥ हो० ६॥ श्रीपाल को सागर विषै जब सेठ गिराया। उनकी रमासे रमने को आया था बेहया॥ उस वक्त के संकट में सती तुमको जो ध्याया। दुख द्वन्दफन्द मेटके आनन्द बढ़ाया॥ हो० ७॥ हरषेण की माता को था जब शोक सताया। रथ जैनका तेरा चले पीछेसे बताया॥ उस वक्त के अनशन में सती तुमको जो ध्याया।

चक्रेश हो सुत उसके ने रथ जैन चलाया ॥ हो० ८ ॥ जब अंजना सती को हुआ गर्भ उजाला । तब सासु ने कलंक लगा घर से निकाला ॥ बन घर्गके उपसर्गमें सती तुमको चितारा । प्रभु भक्तियुत जानके भय देव निवारा ॥ हो० ९ ॥ सोमा से कहा जो तू सती शील विशाला । तो कुम्भ में से काढ़ भला नाग ही काला ॥ उस वक्त तुम्हें ध्याय के सती हाथ जो डाला । तत्काल हो वो नाग हुआ फूलकी माला ॥ हो० १० ॥ जब राज रोग था हुआ श्रीपालराजको । मैनासती तब आपको पूजा इलाज को ॥ तत्काल ही सुन्दर किया श्रीपालराज को । वह राज भोग भोग गया मुक्तिराजको ॥ हो० ११ ॥ जब सेठ सुदर्शन को मृषा दोष लगाया । रानी के कहे भूपने शूली पै चढ़ाया ॥ उस वक्त तुम्हें सेठ ने निज ध्यान में ध्याया । शूली से तार उसको सिंहासन पै बिठाया ॥ हो० १२ ॥ जब सेठ सुधन्ना को था बापी में गिराया । ऊपर से दुष्ट उसको था वह मारने आया ॥ उस वक्त तुम्हें सेठ ने दिल अपने में ध्याया । तत्काल ही जंजाल से तब उसको बचाया ॥ हो० १३ ॥ एक सेठके घरमें किया दारिद्र ने डेरा । था भोजन का ठिकाना भी नहीं सांझ सवेरा ॥ उस वक्त तुम्हें सेठ ने जब ध्यान में घेरा । तबकर दिया था आपने लक्ष्मी- का बसेरा ॥ हो० १४ ॥ बलि वादमें मुनिराज सों जब पार न पाया । तब रातको तलवार ले शठ मारने आया । मुनिराज ने निज ध्यान में मन लीन लगाया । उस वक्त हो परतक्ष तहाँ देव बचाया ॥ हो० १५ ॥ जब रामने हनुमन्त को गढ़लङ्क पठाया । सीता की खबर लेनेको फौरन ही सिधाया ॥ मग बीच दो मुनिराजकी लख आगमें काया । झटवार मूसलधारसे उपसर्ग बुझाया ॥ हो० १६ ॥ जिननाथ ही को माथ नवाता था उदारा । घेरेमें पड़ा था वह कुम्भकरण बिचारा ॥ उस वक्त

तुम्हें प्रेमके संकटमें उबारा। रघुवीरने सब पीर तहां तुरत निवारा॥ हो० १७॥ रणपाल कुंवरके पड़ी थी पांवमें बेरी। उस वक्त तुम्हें ध्यानमें ध्याया था सबेरी। तत्काल ही सुकुमार की सब झड़ पड़ी बेरी। तुम राजकुंवरकी सभी दुःख द्वन्द्व निवेरी॥ हो० १८॥ जब सेठके नन्दनको डसा नाग जु कारा। उस वक्त तुम्हें पीरमें धरधीर पुकारा॥ तत्काल ही उस बालका विषभूरि उतारा। वह जाग उठा सोके मानो सेज सकारा॥ हो० १९॥ मुनि मानतुङ्गको दई जब भूपने पीरा। तालेमें किया बन्द भरी लोह जंजीरा। मुनीशने आदीशकी थुति की है गंभीरा। चक्रेश्वरी तब आनके झटदूर की पीरा॥ हो० २०॥ शिवकोटने हठथा किया समन्तभद्र से। शिवपिण्डकी बन्दन करो संको अभद्र से॥ उस वक्त स्वयम्भू रचा गुरु भाव भद्र से। जिन चन्द्रकी प्रतिमा तहां प्रगटी सुभद्र से॥ हो०२१॥ सूवेने तुम्हें आनके फल आम चढ़ाया। मेंडक ने चढ़ा फूल भरा भक्त का भाया॥ तुम दोनोंको अभिराम स्वर्गधाम बसाया। हम आपसे दातारको लख आज ही पाया॥ २२॥ कपि स्वान सिंह नवल अज बैल बिचारे। तिर्यंच जिन्हें रञ्च न था बोध चितारे; इत्यादिको सुरधाम दे शिवधाममें धारे। हम आपसे दातारको प्रभु आज निहारे॥ हो० २३॥ तुमही अनन्त जन्तु का भय भीड़ निवारा। वेदो पुराणमें गुरु गणधरने उचारा। हम आपकी शरणागतिमें आके पुकारा। तुम हो प्रत्यक्ष कल्पवृक्ष इच्छ अहारा॥ हो० २४॥ प्रभु भक्त व्यक्त जक्त भुक्त मुक्तके दानी। आनन्द कन्द वृन्दको हो मुक्तिके दानी। मोहि दीन जान दीनबन्धु पातक भानी। संसार विषम खार तार अन्तरयामी॥ हो० २५॥ करुणानिधान बानको अब क्यों न निहारो। दानी अनन्त दानके दाता हो संभारो॥ वृष चन्द नन्द

वृन्दका उपसर्ग निवारा। संसार विषमक्षार मे प्रभु पार उतारो॥ हो दीनबन्धु० २६॥

पुकार पचीसी।

दोहा—जो यह भव संसारमें, भुगतैं दुःख अपार।
सो पुकार पचीसिका, करैं कवित इक हार॥

तेईसा छन्द।

श्री जिनराज गरीबनिवाज सुधारन काज सबै सुखदाई।
दीनदयाल बड़े प्रतिपाल दया गुणमाल सदा शिर नाई॥
दुर्गतिटारन पाप निवारन हो भवतारन को अब नाई।
बारहिबार पुकारतु हों जनकी विनती सुनिये जिनराई॥१॥
जन्म जरा मरणों त्रय दोष लगे हमको प्रभु काल अनाई।
तासु नसावनको तुम नाम सुनो हम वैद्य महा सुखदाई॥
सो त्रय दोष निवारनको तुमरे पद सेवतु हों चित ल्याई। बारहि०॥२॥
जो इक ह्वै भवको दुख होय तो राख रहों मनको समझाई।
यह चिरकाल कुहाल भयो अबलों कहुं अन्त परो न दिखाई॥
सो पर या जगमांहि कलेश परे दुख घोर सहे नहि जाई। बारहि०॥३॥
देख दुखी पर होत दयाल सुई इक ग्राम पती शिर नाई।
हो तुमनाथ त्रिलोकपती तुमसे हम अर्ज करो शिर नाई॥
मो दुख दूर करो भवके बसु कर्मन ते प्रभु लेउ छुड़ाई। बारहि०॥४॥
कर्म बड़े रिपु हैं हमरे हमरी बहु हीन दशा कर पाई।
दुःख अनन्त दिये हमको हर भाँतिन भाँतिन स्वाद लगाई॥
मैं इन बैरिनके बश ह्वै करिके भटको सु कहां नहि जाई। बारहि०॥५॥
मैं इस ही भव काननमें भटको चिरकाल सुहाल गमाई।
किञ्चित् हो तिलसे सुखको बहु भांति उपाय करे ललचाई॥
नार गतैं चिर मैं भटको जहां मेरु समान महा दुखदाई। बारहि०॥६॥

नित्य निगोद अनादि रहो त्रसके तनकी जहाँ दुर्लभताई।
ज्यों क्रम सो निकसो वह तें त्यों इतर निगोद रहो चिरछाई॥
सूक्षम बादर नाम भयो जबही यह भाँति धरी पर्यायी। बारहि०॥७॥
औ जब ही पृथ्वी जल तेज भयो पुनि होय बनस्पतिकाई।
देह अघात धरी जब सूक्षम घातत बादर शीरघताई॥
एक उदै प्रत्येक भयो सह धारण एक निगोद बसाई। बारहि०॥८॥
इन्द्रिय एक रही चिरमें कब लब्धि उदै क्षय उपशमताई।
वे त्रय चार धरी जब इन्द्रिय देह उदै बिकलत्रय आई॥
पंचन आदि किधौं पर्यन्त धरै इन इन्द्रियके त्रस काई। बारहि० ॥९॥
काय धरी पशुकी बहु बार भई जल जन्तुनकी पर्याई।
जो थल मांहि अकाश रहो चिर होय पखेरू पंख लगाई॥
मैं जितनी पर्याय धरी तितकें बरणें कहु पार न पाई। बारहि०॥१०॥

नरक मझार लियो अवतार परी दुख भार न कोई सहाई।
जो तिलसे सुख काज किये अघने सब नरकनमें सुधि आई॥
ता तियके तनकी पुतली हमरे हियरा करि लाल भिराई। बारहि०॥११॥
लाल प्रभा सु मही जह हैं अरु शर्कर रेन उन्हार बनाई।
पङ्क प्रभा जु धुआवत है तमसी सु प्रभा सु महातम नाई॥
आाजन लाख जु गोड़स पिण्ड तहां इकहू छिनमें गल जाई॥बारहि०१२॥
जे अघ घोर महा दुखदायक मैं विषयारसके फल पाई।
काटत हैं जबहीं निरदय तबही सरिता महि देत बहाई॥
देवअदेव कुमार जहाँ किय पूरब बैर बतावत आई॥ बारहि० ॥१३॥
ज्यों नरदेह मिली क्रम सों करि गर्भ कुवास महादुखदाई।
जे नव मास कलेश सहे मलमूत्र अहार महाजय नाई॥
जे दुख देखि जनेनिकसो पुनि रोवत बालपने दुखदाई। बारहि०॥१४॥
योवन में तन रोग भयो कबहू विरहानल व्याकुलताई।
मान विषैं रस भोग चहों उन्मत्त भयो सुख मानत ताही।

आय गयो क्षणमें चिरजीवन सो नर भी इस भाँति गमाई ॥बारहिं०॥
देव भयो सुर लोक विषै तब मोहि रहो परया उर लाई।
पाय विभूति बड़े सुरकी पर सम्पति देखत झूरत छाई॥
माल जबै मुरझाय रहो थित पूरण जानि तबै बिललाई ॥बारहिं०१६॥
जे दुख मैं भुगते भवके तिनके वरणौं कहुं पार न पाई।
काल अनादिन आदि भयो तहँ मैं दुख भाजन हो अघ माहीं॥
सो दुख जानत हो तुमहीं जबहीं यह भांति धरोपरयायी ॥बारहिं०१७॥
कर्म अकाज करै हमरे हमको चिरकाल भये दुखदाई।
मैं न बिगाड़ करो इनको बिन कारण पाय भये अरि आई॥
मात पिता तुमही जगके तुम छाँड़ि फिरादि करौं कह जाई ॥बारहिं०
सो तुम सों सब दुःख कहा प्रभु जानत हो तुम पीर पराई।
*मैं इनको सत्संग कियो जिनहू दिन आवत मोहि बुराई॥
ज्ञान महानिधि लूट लियो इन रंक कियो यह भांति हराई ॥बारहिं०
मैं प्रभु एक सकत सहो सब ये इन दुष्टन की कुटलाई।
पाप सु पुण्य दुहूं निज मारग में हमसो नहिं फांसि लड़ाई॥
मोहि थकाय दियो जगमें चिरज्ञानक देह दहै न बुझाई ॥बारहिं०॥२०॥
ये विनती सुन सेवक की निज मारग मैं प्रभु लेव लगाई॥
मैं तुम दास रहो तुमरे संग लाज करो शरणागति आई॥
मैं कर दास उदास भयो तुमरो गुणमाल सदा उर लाई ॥बारहिं०॥२१॥
देर करो मत श्री करुणानिधि जू पति राखनहार निकाई।
गोग जुरे कबसो प्रभुजी यह न्याय हजूर भयो तुम आई॥
आन रहो शरणागति हौं तुमरी सुनिके तिहुं लोक बड़ाई ॥ बारहिं०२२॥
मैं प्रभु जी तुमरी समको इन अन्तर पाय करो दुसराई।
न्याय न अन्त कटै हमरो न मिलै हमको तुम सी ठकुराई॥
सन्तन राख करो अपने ढिग दुष्टनि देहु निकास बहाई। बारहिं०॥२३॥
दुष्टन की सतसंगति में हमको कछु ज्ञान परी न निकाई।

सेवक साहब की दुविधा न रहै प्रभु जी करिये सु भलाई॥
फेर नहीं सु करौं अरजी प्रभु जाहर जानि परे जगताई॥बारहिं०॥२४॥
ये विनती प्रभु के पदपंकज जे नर चित्त लगाय करेंगे।
जे जगके अपराध करे भव ते क्षणमात्र भरे में हरेंगे।
जे गति नाम निवास सदा अवतार सुधी स्वरलोक धरेंगे।
देवीदास कहैं कर सो पुनि ते भवसागर पार तरेंगे॥२५॥

शीलमहात्म्य।

जिनराज देव कीजिये मुझ दीन पर करुना। भवि वृन्दको अब दीजिये बस शीलका शरना॥ टेक॥ शीलकी धारा में जो स्नान करै है। मल कर्मको सो धोय के शिवनार वरै है॥ व्रतराज सो वैताल व्याल काल डरै है। उपसर्ग वर्ग घोर कोट कष्ट टरै है॥१॥ सब दान ध्यान ज्ञान जपन तप समारा। इस शील से सब धर्मके मुँह का है उजारा॥ शिवपन्थ ग्रन्थ पंथ के निर्ग्रन्थ निकारा। बिन शील कौन कर सके संसार से पारा॥२॥ इस शीलसे निर्वाण नगरकी है अबादी। त्रेसठ शलाका कौन ये ही शील सवादी॥ सब पूज्य की पदवी में है परधान ये नादी। अठारा सहस्र भेद भने वेद अनादी॥३॥ इस शील से सीता को हुआ आग से पानी। पुर द्वार खुला चालनिसे भर कूप सो पानी॥ नृप ताप हरा शील से रानी किया पानी। गङ्गामें ग्राह सों बची इस शीलसे रानी॥४॥ इस शील हीसे साँप सुमन माल हुआ है। दुख अंजना का शील से उद्धार हुआ है॥ यह सिन्धुमें श्रीपालको आधार हुआ है। चम्पाका पाप शील हीसे पार हुआ है॥५॥ द्रौपदी का हुआ शीलसे अम्बर का अमारा। जा धातु द्वीप कृष्ण ने सब कष्ट निवारा॥ सत चन्दना सती की व्यथा शीलने टारा।

इस शील से ही शक्ति विशल्या निकारा ॥६॥ वह कोट शिला शीलसे लक्ष्मणने उठाई। इससे हो नागको नाथा श्रीकृष्णकन्हाई ॥ इस शीलने श्रीपालजी की कोढ़ मिटाई। अरु रैनमञ्जुषा को लिया शील बचाई ॥७॥ इस शीलसे रनपाल कुंअरकी कटी बेड़ी। इस शीलसे विष सेठकी नन्दनको निवेरी ॥ शूलीसे सिंह पीठ हुआ मिटही सेरी। इस शीलसे कर माल सुमन गलेरी ॥८॥ समन्तभद्रजी ने यही शील सम्हारा। शिवपिण्ड ते जिनचन्द्रका प्रतिबिम्ब निकारा ॥ मुनि मानतुङ्गजीने यही शील सुधारा। तब आनके चक्रेश्वरी सब बात सम्हारा ॥९॥ अकलङ्कदेवजी ने इसी शील से भाई। ताराका हरा मान विजय बौद्धसे पाई ॥ गुरु कुन्द-कुन्दजीने इसी शीलसे जाई। गिरनार पै पाषाण की देवीको बुलाई ॥१०॥ इत्यादि इसी शील की महिमा है घनेरी। विस्तारके कहने में बड़ी होयगी देरी ॥ पल एकमें सब कष्टको यह नष्ट करेरी। इसही से मिले रिद्धि सिद्धि वृद्धि सवेरी ॥११॥ बिन शील खता खाते हैं सब कांछके ढीले। इस शील बिना तन्त्र मन्त्र जन्त्र हो कीले ॥ सब देव करें सेव इसी शील से होले। इस शील ही से चाहे तो निर्वाण पदी ले ॥१२॥ सम्यक सहित शीलको पाले है जो अन्दर। सो शील धर्म होय है कल्याण का मन्दिर ॥ इससे हुये भव पार हैं कुल कौल और बन्दर। इस शील की महिमा न सकै भाष पुरन्दर ॥१३॥ जिसशील के कहने में थका सहस वदन है। जिस शीलसे भय पाय भगा क्रूर मदन है ॥ सो शील ही भाव वृन्दको कल्याण प्रदन है। दश पैड़ ही इस पैड से निर्वाण सदन है ॥१४॥

॥ इति शील महात्म्य ॥

आपदाओं का स्वागत।

पत्थर तुम मुझे बनाओ; दृढ़ता का पाठ पढ़ाओ।
साहस, सुकर्म सिखलाओ; पथ उन्नति का दिखलाओ॥
हाँ ऐ प्यारी विपदाओ। आती हो, आओ! आओ!—१
जी भर के मुझे सताना; हरगिज़ तुम बाज़ न आना।
निज-हृदय कठोर बनाना; मत कहीं द्रवित हो जाना॥
बस मुझको धीर बनाओ। आती हो, आओ! आओ!—२
क्यों साहस अपना छोड़ूँ; तुमको लख कर मुँह मोड़ूँ।
दिल नाहक अपना तोड़ूँ; निज धर्म-धीरता गोड़ूँ॥
जितना बन सके सताओ। आती हो, आओ! आओ!—३
दुष्टों की बुद्धि भ्रमाना; मेरे विरुद्ध उसकाना।
तुम अवसर जब तक पाना, दुख देने चूक न जाना॥
पीछे न कहीं पछताओ। आती हो, आओ! आओ!—४
मैं जी का बड़ा कड़ा हूँ; मत कहना धृष्ट बड़ा हूँ!
स्वागत के लिए खड़ा हूँ; निज हठ पर आज अड़ा हूँ॥
मुख घूँघट में न छिपाओ। आती हो, आओ! आओ!—५
क्या गम जो दुःख सहूँगा; मन मारे मौन रहूँगा।
मैं कभी अधीर न हूँगा; हा! हन्त! न कभी कहूँगा॥
चाहे जितना तड़पाओ। आती हो, आओ! आओ!—६
तुमसे कुछ अहित न होगा; सित होगा असित न होगा।
यश-शशि क्या उदित न होगा? फिर क्या मन मुदित न होगा?
हाँ हाँ हौसला बढ़ाओ। आती हो, आओ! आओ—७
जिन जिन के पास गई हो; उनकी मति गई नई हो।
चिरजीवी हुए जयी हो; तुम उनको सुधा हुई हो॥
आँखें न मुझे दिखलाओ। आती हो, आओ! आओ!—८
तुम दो मत दया की भिक्षा; है मुझे न इसकी इच्छा।
थोड़े दिन को हो आई; सुख से हो सुखद सगाई।
हो सुमति साथ ही लाई; हो इसी लिये मन भाई॥

बस दे दो ऐसी शिक्षा, कर लूँ मैं पास परीक्षा॥
कुछ ऐसा गुर बतलाओ। आती हो, आओ! आओ!—६
हाँ ऐसा सबक पढ़ाना; दिल दूना रोज़ बढ़ाना।
भ्रम में न मुझे भटकाना; सद्ज्ञान सदैव जताना॥
जीवन की जाँच कराओ। आती हो, आओ! आओ!—१०
तुम अगर न जग में होतीं; सब पड़ी जातियाँ सोतीं।
निज समय स्वर्ण सा खोतीं; जगतीं तब दुखड़ा रोतीं॥
जीवन-रक्षार्थ जगाओ। आती हो, आओ! आओ!—११
तव चरणों की बलिहारी; यह आज सभ्यता प्यारी।
जिसका है सिक्का जारी; हो इसकी सिरजनहारी॥
मुझको भी सुपथ दिखाओ। आती हो, आओ! आओ!—१२
यदि पड़ता विषम न पाला; गरमी का कठिन कसाला।
जल मुसलधार से पाला; ये भवन न बनते आला॥
आओ शिक्षा बढ़ाओ। आती हो, आओ! आओ!—१३
यदि भूख न हमें सताती; क्यों करते खेती पाती।
मेधा विकास क्या पाती, यह समझ कहाँ से आती॥
नित नई सूझ उपजाओ। आती हो, आओ! आओ!—१४
यदि राम न बन को जाते; क्या इतनी कीर्ति कमाते?
क्यों सज्जन फाँसी पाते, यदि तुम्हें न वे अपनाते॥
जगती में सुयश दिलाओ। आती हो, आओ! आओ!—१५
निर्भय हूँ या कि डरा हूँ; डूबा हूँ या कि तरा हूँ।
जीवित हूँ या कि मरा हूँ; खोटा हूँ या कि खरा हूँ॥
कस लो, सुलाखलो ताओ। आती हो, आओ! आओ!—१६
